CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186
Tital Code:RAJHIN27921

# दैनिक मरुधर विशेष

Marudharvishesh@gmail.com मो.7014373732

वर्ष: 01 | अंक : 109 जयपुर 27 नवंबर 2022 रविवार मूल्य: रु. 5 | पृष्ठ : 04



## इसरो का पीएसएलवी मिशन लॉन्च

श्रीहरिकोटा. इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन ने शनिवार को 11.56 बजे पीएसएलवी-उ54 मिशन को लॉन्च किया। इसने तमिलनाडु के श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से उड़ान भरी। इसके तहत 9 सैटेलाइट्स पृथ्वी की कक्षा में भेजे गए हैं। यह पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (पीएसएलवी) रॉकेट की 56वीं फ्लाइट है। यह ओशनसैट सीरीज का तीसरी जनरेशन का अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट है, जो समुद्र के विज्ञान और वायुमंडल की स्टडी करेगा। साथ ही यह पृथ्वी के मौसम का पूवार्नुमान भी लगा सकता है, जिससे देश में चक्रवात और तूफान जैसी आपदाओं से निपटने के लिए पहले से तैयारी की जा सकेगी। रॉकेट ने 321 टन भार के साथ उड़ान भरी है। इसमें 7 कस्टमर सैटेलाइट्स, एक ओशनसैट-3 नेशनल सैटेलाइट और भूटान के साथ मिलकर बनाया गया एक डिप्लोमैटिक सैटेलाइट है। यह 30 सेंटीमीटर क्यूबिक सैटेलाइट भूटान के इंजीनियर्स ने तैयार किया है। इसका वजन 15 किलोग्राम है। यह दोनों ही देशों को कवर करेगा। यह पूरा मिशन 8 हजार 200 सेकंड यानी 2 घंटे से ज्यादा चलने वाला है। यह इसरो के अब तक के सबसे लंबे मिशन्स में से एक है। मिशन की लॉन्चिंग के दौरान प्रमुख सैटेलाइट ओशनसैट-3 और नैनो सैटेलाइट्स को दो अलग-अलग सोलर सिंक्रोनस पोलर ऑर्बिट्स में लॉन्च किया गया।



## प्रेमी ने जेवरात लूट के इरादे से प्रेमिका की हत्या की

कोटा. भीमगंजमण्डी थाना क्षेत्र के गुरुद्वारा मैन रोड निवासी पूजा अरोडा हत्याकांड का खुलासा पुलिस ने आखिरकार छह महिने बाद कर दिया। पूजा अरोड़ा की हत्या के आरोप में पुलिस ने शुक्रवार देर रात आरोपी रेलवे वर्कशॉप कॉलोनी निवासी कार चालक प्रमोद कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने लूट के उद्देश्य से पूजा को प्रेम जाल में फंसा कर 31 मई की शाम उसे रुपए, गहने व कपड़े लेकर बुलाया था। आरोपी पूजा को कार लेकर गया और उसकी स्कॉर्फ से गला घोंट कर हत्या कर दी। शव को कोटा डाबी मैन रोड पर फयरिंग रेंज सामने गड्डे व झाडियों में डाल करीब 10 तौला सोने के जेवरात व लगभग 9 हजार रुपए लेकर फरार हो गया।पुलिस अधीक्षक केसर सिंह शेखावत ने बताया कि 1 जून को शम्भूपुरा हाईवे के पास अज्ञात महिला का शव मिला था। महिला की शिनाख्त भीमगंजमण्डी थाना क्षेत्र के गुरुद्वारा मैन रोड निवासी पूजा अरोडा पत्नी ललित अरोडा के रूप में हुई थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा था। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया था। कुन्हाड़ी थानाधिकारी गंगा सहाय शर्मा मय टीम ने शुक्रवार देर रात ब्लाइंड मर्डर का खुलासा करते हुए पूजा अरोड़ा की हत्या करने वाले कार चालक प्रमोद कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पूजा अरोड़ा का शव 1 जून को कोटा डाबी मैन रोड पर फयरिंग रेंज सामने रोड के किनारे गड्डे व झाडियों में मिला था। पुलिस के अनुसार आरोपी ने बेरहमी से पूजा की हत्या की। मृतका के बाल खुले थे। गले में स्कार्फ लिपटा हुआ था। उसकी हत्या गला घोंटकर की गई। ललाट पर चोट का निशान थे तथा नाक से खून निकल रहा था। शरीर पर गहने नहीं थे। पीठ पर रगड़ व खरोच के निशान थे। मृतका की चमड़ी भी निकली मिली।

## एक ही घर से उठी तीन अर्थियां

- सड़क हादसे में दम्पती एवं भाभी की मौत

दौसा. क्षेत्र के बरेड़ी गांव निवासी एक ही परिवार के तीन सदस्यों की सडक हादसे में मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। शनिवार सुबह जब तीनों के शव घर पर पहुंचे तो पूरे गांव में कोहराम मच गया। बाद में गमगीन माहौल में सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में अंतिम संस्कार की रस्म एक ही चिता पर की गई।जानकारी अनुसार शुक्रवार देर शाम को बरेड़ी गांव की बडाली ढाणी निवासी एक परिवार के कुछ लोग दो बाइक पर जयपुर के लिए रवाना हुए थे, रात्रि को एनएच 11 ए पर टोंक जिला क्षेत्र में जगसरा मोड़ पर लघुशंका करने के लिए रुके थे।इसी दौरान कोथून की ओर से आ रहे एक बेकाबू डंपर ने पति संजय बैरवा (35) वर्ष, पत्नी बादाम देवी (33) एवं बड़े भाई की पत्नी ममता देवी (38) पत्नी कैलाश बैरवा को कुचलते हुए काफी दूर तक घसीट ले गया। संजय व ममता देवी की मौके पर ही मौत हो गई एवं बदामदेवी को गंभीर चोट आई, जिसकी जयपुर में उपचार के दौरान मौत हो गई।मामले को लेकर मृतकों के परिजन मौजीराम बैरवा ने दत्तवास थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने शनिवार सुबह सभी मृतकों का पोस्टमार्टम करा शवों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। संजय व ममता के शव का निवाई में एवं बदामदेवी के शव का जयपुर में पोस्टमार्टम किया गया।

# 5 साल में 20 लाख नौकरियां देने का वादा, छात्राओं को मुफ्त में इलेक्ट्रिक स्कूटी

### गुजरात चुनाव के लिए बीजेपी का घोषणापत्र जारी

गांधीनगर. भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुजरात मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और गुजरात भाजपा अध्यक्ष सीआर पाटिल की मौजूदगी में विधानसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र जारी किया। पार्टी ने कांग्रेस से दोगुनी नौकरियां देने का वादा किया है। भाजपा ने 5 साल में 20 लाख, जबकि कांग्रेस ने 10 लाख नौकरियां देने की बात कही है। इसके अलावा, भारतीय जनता पार्टी ने छात्राओं को मुफ्त में इलेक्ट्रिक स्कूटी देने का वादा भी किया गया है। 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने के उद्देश्य से गुजरात ओलंपिक मिशन शुरू होगा और इंटरनेशनल लेवल पर खेल का बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जाएगा। एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड के तहत 10 हजार करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। गुजरात भर में सुजलाम सुफलाम, सौनी, लिफ्ट सिंचाई परियोजनाओं, सूक्ष्म सिंचाई, ड्रिप सिंचाई और अन्य प्रणालियों जैसी परियोजनाओं के माध्यम से मौजूदा सिंचाई नेटवर्क का विस्तार करने के लिए 25 हजार करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा।गुजरात में प्रत्येक नागरिक के पास पक्का घर होगा और प्रधानमंत्री आवास योजना का 100% लक्ष्य पूर्ण किया जाएगा।

एक परिवार कार्ड योजना होगा, जिससे हर परिवार को राज्य सरकार के माध्यम से संचालित सभी कल्याणकारीयोजनाओं का लाभ मिल सकेगा। अनुसूचित जनजातीय क्षेत्रों में 8 मेडिकल कॉलेज और 10 नर्सिंग/पैरामेडिकल कॉलेज स्थापित कर मॉडर्न हेल्थ फैसिलिटी सुनिश्चित की जाएगी। अनुसूचित जनजाति के 75 हजार मेरिट लिस्ट में रहने वाले छात्रों को वेस्ट रेसिडेंशियल स्कूल फैसिलिटी देने के लिए 25 बिरसा मुंडा ज्ञान शक्ति रेसिडेंशियल स्कूल स्थापित किया जाएगा।




जो स्टूडेंट गरीब परिवार से हैं, उन्हें इलेक्ट्रिक स्कूटर दी जाएगी। इसके लिए शारदा मेहता योजना शुरू कीजाएगी।राज्य में वरिष्ठ महिला नागरिकों को मुफ्त बस यात्रा की सुविधा दी जाएगी। भाजपा ने घोषणा पत्र में राज्य में 3 सिविल मेडिसिटी और दो एम्स जैसे संस्थान बनाने का वादा किया है। गुजरात भाजपा अध्यक्ष पाटिल ने कहा कि घोषणा पत्र तैयार करने के लिए गुजरात के एक करोड़ से ज्यादा लोगों से राय ली गई, इसके लिए व्हाट्सएप नंबर भी जारी किया था। युवाओं से भी संपर्क किया गया। इससे पहले कांग्रेस भी अपना घोषणा पत्र जारी कर चुकी है। कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो में नरेंद्र मोदी स्टेडियम का नाम बदलने का वादा भी किया है।

**10 लाख नौकरियां, कर्ज माफी और फ्री बिजली**


कांग्रेस ने गुजरात चुनाव के लिए अहमदाबाद में पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। इसमें 10 लाख सरकारी नौकरियां, किसानों की कर्ज माफी और हर महीने 300 यूनिट तक फ्री बिजली देने का वादा किया। कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो में भारी-भरकम दावे किए, लेकिन इसमें वादों से ज्यादा विवादों की छाया नजर आ रही है। आयुष्मान भारत के तहत सालाना सीमा को 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख प्रति परिवार करेंगे, साथ ही फ्री चिकित्सा उपचार सुनिश्चित करेंगे। पार्टी ने अहमदाबाद में नरेंद्र मोदी स्टेडियम का नाम बदलकर सरदार पटेल करने का वादा किया है। राज्य में पहले चरण की वोटिंग 1 दिसंबर को होगी, जबकि दूसरे चरण की वोटिंग 5 दिसंबर को होगी।

### बाबा रामदेव के विवादित बोल का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

# महिलाएं साड़ी या सलवार-सूट में अच्छी लगती हैं, मेरी तरह कोई न पहने तो भी अच्छी लगती है...

पुणे. बाबा रामदेव ने शनिवार को पुणे के योग शिविर में कहा कि महिलाएं साड़ी और सलवार-सूट में भी अच्छी लगती हैं। मेरी तरह कुछ ना भी पहनें तो भी अच्छी लगती हैं। रामदेव के साथ मंच पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता भी मौजूद थीं। बाबा रामदेव का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस पर दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाती मालीवाल ने कहा कि बाबा को देश की महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए। वीडियो में वे कह रहे हैं बहुत बदनसीब हैं आप। सामने के लोगों को साड़ी पहनने का मौका मिल गया, पीछे वालों को मिला ही नहीं। आप साड़ी पहन के भी अच्छी लगती हैं, सलवार-सूट में भी अमृता जी की तरह अच्छी लगती हैं और मेरी तरह कोई ना भी पहने तो भी अच्छी लगती हैं। अब तो लोग लोक लज्जा के लिए पहन लेते हैं। बच्चों को कौन कपड़े पहनाता है। पहले हम तो आठ-दस साल तक तो ऐसे ही नंगे घूमते रहते थे। ये तो अब जाकर पांच-लेयर बच्चों के कपड़ों पर आई है।

### देश से माफी मांगें रामदेव: स्वाति मालीवाल



मामले ने तूल पकड़ा तो स्वाती मालीवाल ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा- महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री की पत्नी के सामने बाबा रामदेव ने जो टिप्पणी की है वह अमर्यादित और निंदनीय है। इस बयान से सभी महिलाएं आहत हुई हैं, बाबा रामदेव को इस बयान पर देशवासियों से माफी मांगनी चाहिए। इधर, रामदेव के इस बयान के बाद सियासत भी तेज हो गई है। उद्धव गुट के शिवसेना नेता संजय राउत ने पूछा कि अमृता फडणवीस ने बाबा की टिप्पणियों का विरोध क्यों नहीं किया। शनिवार को उन्होंने कहा जब राज्यपाल शिवाजी महाराज पर अपमानजनक टिप्पणी करते हैं, कर्नाटक के मुख्यमंत्री महाराष्ट्र के गांवों को अपनी राज्य की सीमा में मिलाने की धमकी देते हैं, अब बीजेपी प्रचारक रामदेव महिलाओं का अपमान करते हैं, तो सरकार चुप रहती है। क्या सरकार ने अपनी जुबान दिल्ली के पास गिरवी रख रखी है?

# सचिन पायलट बताएं 35 दिन मानेसर क्यों रहे....

### हेल्थ मिनिस्टर परसादी लाल मीणा ने पायलट पर हमला बोला, 102 विधायक नहीं होते तो 2 साल पहले विदा हो जाती सरकार

लालसोट. राजस्थान में सीएम अशोक गहलोत-सचिन पायलट गुट में खींचतान बढ़ती जा रही है। सीएम अशोक गहलोत के बयान के बाद हेल्थ मिनिस्टर परसादी लाल मीणा ने शनिवार को फिर पायलट पर हमला बोला। कहा पायलट पहले ये बताएं कि 35 दिन मानेसर में क्या कर रहे थे? यदि हमारे साथ 102 विधायक नहीं होते तो सरकार 2 साल पहले ही विदा हो चुकी होती। दिसंबर में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान में एंट्री करेगी। यह यात्रा लालसोट विधानसभा क्षेत्र से होकर भी गुजरेगी। इसी को लेकर हेल्थ मिनिस्टर लालसोट विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर थे। उन्होंने पायलट पर निशाना साधते हुए कहा कि अशोक गहलोत ने जो कहा है वह ठीक कहा है, सोच समझकर ही कहा है। गहलोत के पास कुछ जानकारी है, इसलिए बड़ी बात कही है। उस समय 102 विधायक नहीं रहते तो सरकार नहीं बचती, 2 साल पहले ही विदा हो जाती। जैसा एमपी, कर्नाटक और महाराष्ट्र में हुआ वैसे ही हमारी सरकार भी विदा हो जाती। जिन 102 विधायकों ने हमारी सरकार बचाई, निश्चित रूप से आज हम उनकी वजह से ही राज कर रहे हैं। उन्हीं की वजह से मंत्री और सीएम हैं। 102 विधायकों के कारण ही हम आज विकास के काम कर पा रहे हैं। मंत्री मीणा बोले कि पायलट को सामने आकर सफाई देनी चाहिए कि वह 35 दिन मानेसर होटल में क्यों रहे ? ये जनता को बताना चाहिए। जनता के गले उतरेगी तो निश्चित रूप से सचिन को ये काम करना चाहिए कि क्यों मानेसर में रहे और हमें 35 दिन क्यों जयपुर- जैसलमेर में रहना पड़ा। ये इंटरनल पार्टी का मामला था, तो पार्टी में ही बैठकर ठीक करते। पायलट ने खुद भी एक बार कहा था कि गहलोत की सरकार अल्पमत में आ गई है । आज हम जो कुछ भी हैं 102 विधायकों की वजह से हैं।



### सुप्रीम कोर्ट में संविधान दिवस समारोह में शामिल हुए पीएम नरेंद्र मोदी

# We The People शब्द नहीं हैं, बल्कि एक प्रतिज्ञा-विश्वास हैं

नई दिल्ली. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुप्रीम कोर्ट में आयोजित संविधान दिवस समारोह में शामिल हुए। इस दौरान ई-कोर्ट परियोजना के तहत विभिन्न नई पहलों और वेबसाइट का उद्घाटन किया। समारोह में सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़, कानून मंत्री किरेन रिजिजू और सुप्रीम कोर्ट के सीनियर जज भी मौजूद रहे। पीएम मोदी ने कहा कि 1949 में यह आज का ही दिन था, जब स्वतंत्र भारत ने अपने लिए एक नई भविष्य की नींव डाली थी, इस बार का संविधान दिवस इसलिए भी विशेष है, क्योंकि भारत ने अपने आजादी के 75 वर्ष पूरे किए हैं। उन्होंने कहा कि संविधान की प्रस्तावना के पहले तीन शब्द 'ही ळीं ढीङ्गस्त्र'ी' केवल शब्द नहीं हैं, ये एक आह्वान हैं, एक प्रतिज्ञा हैं, एक विश्वास हैं। पीएम ने कहा कि आज दुनिया हमें बहुत उम्मीदों से देख रही है। आज पूरे सामर्थ्य से, अपनी सभी विविधताओं पर गर्व करते हुए ये देश आगे बढ़ रहा है और इसके पीछे हमारी सबसे बड़ी ताकत हमारा संविधान है। आजादी का ये अमृत काल देश के लिए 'कर्तव्य काल' है। व्यक्ति हों या संस्थाएं... हमारे दायित्व ही हमारी पहली प्रतिज्ञा है। पीएम ने कहा कि भारत की मदर ऑफ डेमोक्रेसी के रूप में जो पहचान है, हमें उसको और भी अधिक सशक्त करना है। हमारे संविधान की स्पिरिट यूथ सेंट्रिक है। आज संविधान दिवस पर मैं देश की न्यायपालिका से एक आग्रह भी करूंगा कि युवाओं में संविधान को लेकर समझ बढ़े इसके लिए डिबेट और डिस्कशन को बढ़ाना चाहिए। केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि संविधान वह आधारशिला है जिस पर भारतीय राष्ट्र खड़ा है और हर गुजरते साल नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। हमें बाबासाहेब डॉ. आंबेडकर के शब्दों को याद करना चाहिए। उन्होंने कहा था कि इस स्वतंत्रता ने हम पर बड़ी जिम्मेदारी डाली है। इस आजादी के बाद हम कुछ भी गलत के लिए अंग्रेजों को दोष नहीं दे सकते।

उन्होंने कहा कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने पूर्व सीजेआई एस.ए. बोबडे की अध्यक्षता में भारतीय सामाजिक समिति का गठन किया है। यह समिति



क्षेत्रीय भाषाओं में कानूनी सामग्री का अनुवाद करेगी और सभी भारतीय भाषाओं के लिए एक सामान्य शब्दावली बनाएगी। उन्होंने बताया कि विधायी विभाग (लेजिस्लेटिव डिपार्टमेंट) ने 65,000 कानून के शब्दों वाली एक शब्दावली तैयार की है। हमारी योजना इसे डिजिटाइज करने की है जिसे जनता आसानी से इस्तेमाल कर सके। क्षेत्रीय भाषाओं में प्रकाशित कानूनी शब्दावलियों को एकत्र, डिजिटाइज करने और जनता के लिए उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। 2015 से इस दिन को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम के दौरान, प्रधान मंत्री ई-कोर्ट परियोजना के तहत विभिन्न नई पहलों का शुभारंभ किया। यह परियोजना अदालतों की आईसीटी सक्षमता के माध्यम से वादियों, वकीलों और न्यायपालिका को सेवाएं प्रदान करने का एक प्रयास है। इन पहलों में वर्चुअल जस्टिस क्लॉक, ख४२३क्र मोबाइल ऐप 2.0, डिजिटल कोर्ट और र3हंर वेबसाइट शामिल हैं। वर्चुअल जस्टिस क्लॉक कोर्ट लेवल पर जस्टिस डिलीवरी सिस्टम के जरूरी आंकड़ों को दिखाने की एक पहल है, जिसमें कोर्ट लेवल पर दिन/सप्ताह/महीने के आधार पर स्थापित मामलों, निपटाए गए मामलों और लंबित मामलों का डिटेल्स दी गई हैं। यह कोर्ट की ओर से निपटाए गए मुकदमों की स्थिति को जनता के साथ शेयर कर कोर्ट के कामकाज को जवाबदेह और पारदर्शी बनाने का प्रयास है। ख४२३क्र मोबाइल ऐप 2.0 न्यायिक अधिकारियों के लिए इफेक्टिव कोर्ट और केस मैनेजमेंट के लिए उपलब्ध एक उपकरण है, जो न केवल उनकी अदालत, बल्कि उनके अधीन काम करने वाले व्यक्तिगत जजों के लंबित मामलों और निपटान की निगरानी करता है। यह ऐप हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जजों के लिए भी उपलब्ध कराया गया है, जो अब अपने अधिकार क्षेत्र के तहत सभी राज्यों और जिलों के पेंडेंसी और निपटान की निगरानी कर सकते हैं। 26 जनवरी, 1950 को अंग्रेजों के गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट 1935 की जगह भारत का संविधान लागू हुआ था। भारत का संविधान वैसे तो 26 नवंबर, 1949 को ही बनकर तैयार हो गया था और इसे संविधान सभा की मंजूरी भी मिल गई थी, लेकिन इसे 26 जनवरी, 1950 को लागू किया गया था।

## पिता ने मोबाइल छीना तो बेटी ने सुसाइड किया

अजमेर. बेटी से पिता ने मोबाइल वापस लिया तो उसने सुसाइड कर लिया। लड़की 11वीं क्लास में पढ़ती थी। मोबाइल वापस लेने के बाद से वह डिप्रेशन में चल रही थी। मामला अजमेर के क्रिश्चियन गंज इलाके का शुक्रवार रात का है। प्रगति नगर, कोटड़ा निवासी मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव(एमआर) राहुल शर्मा की 16 साल की बेटी पारुल शर्मा ने शुक्रवार देर रात 1 बजे रस्सी से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। चाचा उदित शर्मा ने बताया पारुल के पिता अपने काम से भीलवाड़ा गए हुए थे। देर रात वापस आने वाले थे। घरवाले उनका इंतजार कर रहे थे। बेटी पारुल नीचे अपने कमरे में थी। मां पार्वती और छोटा भाई मुकुल ऊपर वाले कमरे में थे। पिता घर पहुंचे तो बेटी के रूम का दरवाजा खटखटाया। दरवाजा काफी देर तक नहीं खोला तो गेट तोड़कर कमरे में एंट्री ली। पिता ने देखा की बेटी फंदे पर लटकी हुई है। घरवालों ने बच्ची को नीचे उतारा और जेएलएन अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शनिवार सुबह क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस मोच्युरी पहुंची। घरवालों से घटना की जानकारी ली। एएसआई राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि बच्ची के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। मृतक के पिता के अनुसार बेटी से मोबाइल ले लिया था। मोबाइल वापस नहीं देने के कारण डिप्रेशन में आकर सुसाइड किया है। हालांकि मामले में जांच की जा रही है। पिता राहुल ने बताया कि उनकी बेटी पारुल पढ़ाई में इंटेलिजेंट थी। पिछले कुछ दिनों से वह मोबाइल की आदी हो गई थी। बेटी के सोशल मीडिया पर रहना उन्हें पसंद नहीं था। 10 दिन पहले बेटी से मोबाइल ले लिया था। जिसके बाद से वह गुमसुम और डिप्रेशन में रहने लगी। कई बार उसने अपनी मां से कहा भी था कि पापा से मोबाइल दिलवा दो। राहुल ने बताया कि उनकी बेटी पारुल अजमेर के एमपीएस स्कूल की छात्रा थी। 11वीं क्लास में पढ़ाई कर रही थी। दसवीं क्लास में उसके 92 % मार्क्स आए थे। चाचा उदित ने बताया कि पारुल के पिता राहुल ज्यादा मोबाइल इस्तेमाल करने पर नाराज होकर वापस लिया था।



## सम्पादकीय

# पहले मदरसों का सर्वेक्षण कराने के फैसले पर हंगामा हुआ, अब सर्वे रिपोर्ट पर बवाल हो रहा है

योगी सरकार के दिशा-निर्देश पर कराए गए मदरसा सर्वे में सहारनपुर में 306 ऐसे मदरसे मिले हैं, जिनका रजिस्ट्रेशन यूपी मदरसा बोर्ड में नहीं है। इस लिस्ट में प्रसिद्ध इस्लामिक शिक्षण संस्थान दारुल उलूम देवबंद का नाम भी शामिल है।

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा मदरसों का सर्वे का कराए जाने का निर्णय जिन लोगों को रास नहीं आया था, उनके लिए सर्वे की रिपोर्ट चौंकाने वाली आई है। उत्तर प्रदेश में लगभग 8500 अवैध या कहें गैर मान्यता प्राप्त मदरसे संचालित हो रहे हैं। इसमें से कई मदरसे गैरकानूनी तरीके से नजूल या ग्राम समाज की जमीनों पर काबिज हैं। लेकिन मदरसे वालों की कारगुजारी को दरकिनार कर तमाम कथित बुद्धिजीवी और धर्म गुरु सर्वे रिपोर्ट सामने आने के साथ ही योगी सरकार की मंशा पर सवाल उठने लगे हैं। मुस्लिमों की बड़ी संस्था दारुल उलूम मदरसों के वैध अथवा अवैध होने की प्रक्रिया से इत्तेफाक नहीं रखती है। उसकी नजरों में कोई भी शिक्षण संस्थान जो बच्चों को तालीम देता है, वैध व अवैध नहीं हो सकता है। वैसे सवाल तो दारुल उलूम की मान्यता पर भी उठ रहा है।

योगी सरकार के दिशा-निर्देश पर कराए गए मदरसा सर्वे में सहारनपुर में 306 ऐसे मदरसे मिले हैं, जिनका रजिस्ट्रेशन यूपी मदरसा बोर्ड में नहीं है। इस लिस्ट में प्रसिद्ध इस्लामिक शिक्षण संस्थान दारुल उलूम देवबंद का नाम भी शामिल है। हालांकि यहां के प्रवक्ता ने इससे जुड़ा अपना पक्ष भी सबके सामने रखा है। दारुल उलूम देवबंद के प्रवक्ता अशरफ उस्मानी ने बताया कि मदरसे का रजिस्ट्रेशन सोसाइटी एक्ट-1866 के तहत कराया गया है। उन्होंने बताया कि दारुल उलूम से देश भर के 4,500 मदरसे संबद्ध हैं। इनमें से 2,100 मदरसे उत्तर प्रदेश के हैं। उन्होंने कहा कि दारुल उलूम देवबंद उत्तर प्रदेश या केंद्र सरकार से किसी प्रकार का कोई अनुदान नहीं लेता है। दारुल उलूम देवबंद मदरसे का संचालन जकात यानी चंदे से मिली मदद से किया जाता है। उन्होंने बताया कि ब्रिटिश काल के दौरान देश में अंग्रेजी पर जोर दिया जा रहा था। उस दौर में अधिकांश हिंदू-मुस्लिम उर्दू भाषा का प्रयोग करते थे।

बहरहाल, उत्तर प्रदेश में 8500 ऐसे मदरसे हैं, जो बिना मान्यता के संचालित हो रहे हैं। यूपी मदरसा शिक्षा बोर्ड से मान्यता पाए बिना सबसे ज्यादा मदरसे मुरादाबाद में चल रहे हैं। यह जानकारी हाल ही में प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार के आदेश पर प्रशासन की ओर से कराए गए मदरसों के सर्वे की रिपोर्ट में सामने आई है। बीते 15 नवंबर को यह रिपोर्ट यूपी शासन को सौंपी गई थी, जिसकी प्रतियां मदरसा शिक्षा बोर्ड को भी भेजी गई हैं। राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद ने कहा कि सभी 75 जिलों में मदरसों के सर्वे का काम पूरा हो गया है। कई जिलों के प्रशासन ने सर्वे की रिपोर्ट की प्रतियां हमें भेजी हैं। इसके मुताबिक, सबसे ज्यादा बिना मान्यता के चलने वाले मदरसे मुरादाबाद में मिले हैं। इनकी संख्या 550 है। इसके बाद सिद्धार्थनगर है, जहां 525 मदरसे बिना मान्यता के चल रहे हैं। बहराइच 500 की संख्या के साथ तीसरे नंबर पर है।

# सिंगर रवीना मेहता की शादी में जयपुर आए बॉलीवुड सेलेब्रिटी

जयपुर. जयपुर के राम रामबाग होटल और जयमहल पैलेस होटल में सिंगर रवीना मेहता की शादी हुई। इसमें बॉलीवुड स्टार गोविंदा और जैकी श्रॉफ भी पहुंचे।



इस दौरान गोविंदा ने अंखियों से गोली मारे, गोरिया चुराना मेरा जिया सहित अपने पुराने गानों पर जमकर डांस किया। शादी के अलग-अलग फंक्शन जयपुर में रामबाग होटल और जयमहल पैलेस होटल में आयोजित हुए। रामबाग में वेडिंग सेरेमनी और रिसेप्शन हुआ। जैकी का अंदाज सभी से जुदा था और वे अपने आइकॉनिक स्टाइल के साथ शादी में सुर्खियां बटोरते रहे। इन सेलेब्रिटीज के साथ लोगों ने खूब फोटो क्लिक करवाए। अपनी शादी में रवीना ने भी वेस्टर्न सॉन्ग परफॉर्म किया। जिसे लोगों ने खूब सराहा। रवीना की शादी साकेत से हुई है। रवीना मेहता के कई एलबम काफी लोकप्रिय हुए हैं। रवीना ने टाइगर श्रॉफ के साथ केसानोवा गाना रिलीज किया था, जो काफी पॉपुलर हुआ था। इसके अलावा मूनलाइट, यादें, तेरे लिए के लिए वे खासी चर्चा में रही थी। रवीना सिंगर और म्यूजिक कंपोजर हैं। रवीना के माता-पिता, डिम्पल और राजीव मेहता भारतीय ओरिजिन के ब्रिटिश नागरिक हैं। इस शादी के लिए दिल्ली-मुंबई के अलावा कई देशों के लोग आए थे। ऐसे में सभी के लिए सलीम मर्चेंट की परफॉर्मेंस खास रही। उन्होंने अपने भाई सुलेमान व बैंड के अन्य सदस्यों के साथ जमकर प्रस्तुतियां दी। इसके बाद वे गोवा के लिए रवाना हो गए। गोवा में भी उनका कॉन्सर्ट है। सलीम अक्सर जयपुर आते रहते है और यहां रॉयल वेडिंग और डेस्टिनेशन वेडिंग में परफॉर्म करते रहते है।

# 10वीं पास युवाओं के लिए बीएसएफ में निकली वैकेंसी

जयपुर. बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स में नौकरी कर देश की सेवा करने का सुनहरा मौका है। राजस्थान समेत देशभर में बीएसएफ ने 10,947 पदों पर बंपर वैकेंसी निकाली है। जिसके लिए 18 से 23 साल तक की उम्र के दसवीं पास उमेदवार 30 नवंबर तक आवेदन कर सकेंगे। वहीं, जनवरी में भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। जिसके बाद फिजिकल टेस्ट के आधार पर कैंडिडेट का सिलेक्शन होगा। किसी भी मान्यता प्राप्त स्कूल से दसवीं पास होना जरूरी है। भर्ती प्रक्रिया में आवेदन करने के लिए कैंडिडेट की उम्र 18 से 23 साल के बीच होनी चाहिए। आयु सीमा की गणना 1 जनवरी 2022 के हिसाब से की जाएगी। हालांकि, एससी, एसटी कैटेगरी के अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में 5 साल की छूट दी जाएगी। जबकि, ओबीसी कैटेगरी के अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा 3 साल की छूट मिलेगी। बीएसएफ में सिपाही के पद के लिए - लेवल-1 के तहत 18,000 से 56,900 रुपए तक सैलरी दी जाएगी। वहीं दूसरे सभी पदों के लिए लेवल-3 के तहत 21,700 से लेकर 69,100 रुपए तक सैलरी दी जाएगी।

# पूर्व सरपंच पर जानलेवा हमला, उपप्रधान पर आरोप

भीलवाड़ा ।सुवाणा पंचायत समिति क्षेत्र के मंगरोप ग्राम पंचायत के पूर्व उपसरपंच फागणों का खेड़ा निवासी रतन लाल गुर्जर 35 पुत्र नारायण गुर्जर पर शनिवार को रोडवेज बस स्टेण्ड के पास होटल पिंक पैलेस के नीचे जानलेवा हमला किया गया। हमले से पूर्व सरपंच गुर्जर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे तुरंत महात्मा गांधी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। रतन गुर्जर ने बताया कि पिछले दिनों नकदी छीनने व भ्रष्टाचार न्यायालय में चल रहे दो मामलों में सुवाणा पंचायत समिति के वर्तमान उपप्रधान श्यामलाल गुर्जर उन पर बयान बदलने के लिये दबाव डाल रहा है। जिसमें अभी बयान होने बाकी है। उसने बयान बदलने से मना कर दिया तो उसके साथ पूर्व में भी मंगरोप थाना क्षेत्र में नकदी छिनने की घटना हुई। जिसका मामला मंगरोप थाने में दर्ज है जिसमें पुलिस द्वारा कार्यवाही नहीं करने से आरोपियों ने शनिवार को उसके उपर जानलेवा हमला कर दिया। हमले की सूचना मिलते ही भीमगंज थाना पुलिस चिकित्सालय पहुंची और घायल के बयान लियें।

# महावीर स्टडी इस्टेट सीनियर सेकेंडरी कॉलेज महाराजगंज बच्चों का वृहद स्वास्थ्य परीक्षण कैंप कॉलेज मैनेजर अवधेश बहादुर सिंह डॉक्टर एमपी सिंह प्रधानाचार्य कमल बाजपेई एवं डॉक्टरों ने कैंप का फीता काटकर उद्घाटन किया

**मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**

महाराजगंज , रायबरेली - ऊजार्वान सीएमएस डॉ राधाकृष्णन श्रेष्ठ डॉक्टर एमपी सिंह, डॉ सुरेश सिंह के सौजय से डॉक्टर शमीमा खान डॉ अनूज सिंह, डॉ वंदना यादव राज कुमार, फार्मासिस्ट इबरार अहमद, विमलेश रामावती तथा सीमा का सहयोग से बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।बच्चों को स्वास्थ्य से संबंधित उपयोगी दवाई दी गई फिजिकल अध्यापक विवेक सिंह ने बच्चों की लंबाई तथा वजन किया सभी बच्चों का हेल्थ कार्ड अध्यापक द्वारा डॉक्टर के सहयोग से बनाया गया।विद्यालय मैनेजर अवधेश सिंह ने सभी को प्रतीक



चिन्ह तथा उपहार देकर सम्मानित किया प्रधानाचार्य कमल बाजपेई ने पढ़ाई के साथ बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण ठीक रहे इसलिए स्वास्थ्य परीक्षण को बहुत ही उपयोगी बताया। प्रधानाचार्य सभी डॉक्टरों का बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण करने एवं उन्हें उपयोगी दवाइयां वितरित करने तथा पूर्वपयोगी तथा एहतियात की जानकारी देने हेतु धन्यवाद दिया।समस्त अध्यापकों एवं स्टॉप के स्वास्थ्य परीक्षण में अपना योगदान दिया। आधार कार्ड शालिनी सिंह ने बच्चों एवं डॉक्टरों के साथ उपस्थित रहकर मेडिकल कैंप को सुचारू रूप से संपन्न कराया। प्रधानाचार्य सभी का आभार व्यक्त किया।

# दिल्ली में निर्णायक स्थिति में हैं पूर्वांचली मतदाता, इसीलिए हर पार्टी इन्हें रिझाने में लगी है

जहां तक पूर्वांचली मतदाताओं की बात है तो आपको बता दें कि माना जाता है कि दिल्ली की सभी विधानसभा सीटों में इस क्षेत्र के लोगों की अच्छी खासी उपस्थिति है। भाजपा और आप, दोनों का ही दावा है कि पूर्वांचली मतदाता उनके साथ हैं।



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इस समय नगर निगम चुनावों की प्रक्रिया चल रही है। सभी राजनीतिक दल समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुँच रहे हैं। दिल्ली में आबादी के हिसाब से देखा जाये तो पंजाबी के बाद पूर्वांचली समाज के लोग सर्वाधिक तादाद में हैं इसलिए हर दल पूर्वांचल के लोगों को रिझाने में लगा हुआ है। भाजपा ने तो उत्तर प्रदेश और बिहार से अपने नेताओं और कार्यकताओं की टीम को दिल्ली में पूर्वांचल बहुल इलाकों में चुनाव प्रचार में लगाया हुआ है वहीं आम आदमी पार्टी और कांग्रेस की ओर से भी पूर्वांचली मतदाताओं से बड़े-बड़े वादे कर उनका समर्थन हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है।

दिल्ली की दो प्रमुख प्रतिद्वंद्वी पार्टियों- भाजपा और आम आदमी पार्टी ने तो 50-50 पूर्वांचली लोगों को चुनाव में टिकट भी दिया है। पिछले सप्ताह भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा खुद दिल्ली के पूर्वांचली मतदाताओं के बीच पहुँचे और बिहार से अपना नाता बताते हुए वोट मांगे। नड्डा ने कहा कि उनके प्रारंभिक जीवन का बहुत बड़ा भाग पटना में बीता था। नड्डा ने बिहार से अपना रिश्ता बताते हुए कहा कि मैं छठ में ठेकुआ का प्रसाद खाता था अब चार दिसंबर को छठ का प्रसाद फिर मांग रहा हूं। देखा जाये तो दिल्ली नगर निगम चुनाव नड्डा के लिए बड़ी परीक्षा भी हैं। इससे पहले जब नड्डा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने थे उसके कुछ समय बाद ही दिल्ली में विधानसभा चुनाव हुए थे जिसमें भाजपा की हार हो गयी थी। अब एक बार फिर दिल्ली में चुनाव हैं इसलिए नड्डा हर प्रयास कर रहे हैं ताकि लगातार चौथी बार दिल्ली नगर निगम की सत्ता में लौट कर भाजपा नया रिकॉर्ड बना सके।

जहां तक पूर्वांचली मतदाताओं की बात है तो आपको बता दें कि माना जाता है कि दिल्ली की सभी विधानसभा सीटों में इस क्षेत्र के लोगों की अच्छी खासी उपस्थिति है। भाजपा और आप, दोनों का ही दावा है कि पूर्वांचली मतदाता उनके साथ हैं। लेकिन पूर्वांचली मतदाताओं के अपने मुद्दे हैं जो वर्षों से हल नहीं हुए हैं इसलिए वह कह रहे हैं कि हम सभी के वादों पर गौर कर रहे हैं और जब मतदान का समय निकट आयेगा तब उचित फैसला करेंगे। पूर्वांचल के मतदाताओं के अहम मुद्दों की बात करें तो सबसे बड़ी समस्या यह है कि यह लोग ज्यादातर अनधिकृत कॉलोनियों में रहते हैं और वहां अक्सर गंदगी का आलम रहता है। इसलिए सफाई और बुनियादी सुविधाएं इनके लिए बड़े मुद्दे हैं। इसके अलावा अपने घर के ढांचे में बदलाव करने पर निगम के अधिकारियों को जो रिश्वत देनी पड़ती है वह बात भी इन्हें परेशान करती है।

हम आपको बता दें कि मूल रूप से पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड के भोजपुरी भाषी वे लोग जो दिल्ली में बस गए हैं, उन्हें पूर्वांचली कहा जाता है। दिल्ली में रहने वाले ज्यादातार पूर्वांचली मतदाता शहर की अनधिकृत कॉलोनियों और झुग्गी बस्तियों में रहते हैं। दिल्ली नगर निगम के 250 वार्डों की स्थिति के हिसाब से देखें तो पूर्वांचली मतदाता 75-80 सीटों पर निर्णायक स्थिति में हैं। एक अनुमान के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के कुल 1.46 करोड़ मतदाताओं में से पूर्वांचली मतदाताओं की संख्या करीब एक तिहाई है। दिल्ली में हर निर्वाचन क्षेत्र में पूर्वांचली मतदाता हैं और माना जाता है कि हर निर्वाचन क्षेत्र में उनके 10,000 वोट हैं।

भाजपा की ओर से पूर्वांचली पृष्ठभूमि के स्टार प्रचारकों में दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी, उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से सांसद रवि किशन और आजमगढ़ के सांसद दिनेश यादव निरहुआ शामिल हैं। आने वाले दिनों में इन तीनों नेताओं की ओर सभाएं दिल्ली में आयोजित की जाने वाली हैं। आम आदमी पार्टी के पूर्वांचली स्टार प्रचारकों की बात करें तो दुर्गेश पाठक ने मोर्चा संभाल रखा है। दुर्गेश पाठक का दावा है कि पूर्वांचली मतदाता इस बार झाड़ू लगा देंगे। दुर्गेश पाठक का दावा है कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली सरकार ने पूर्वांचल के मतदाताओं को सबसे ज्यादा सम्मान दिया है। वहीं कांग्रेस की बात करें तो पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार का दावा है कि उनकी पार्टी शहर में पूर्वांचली लोगों के मुद्दों को उठाने में सबसे आगे रही है। हालांकि उनके दावे पर बड़ा सवाल तब लग गया जब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और बड़े पूर्वांचली नेता महाबल मिश्रा ने आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया।

बहरहाल, पूर्वांचल के लोगों के लिए छठ घाटों की साफ सफाई और सुविधा भी बड़ा मुद्दा रहा है। पिछले कुछ वर्षों से छठ व्रतियों को मैली यमुना में खड़े होकर पूजा करने के लिए बाध्य होना पड़ रहा है।

# ग्रोइंग इंडिया बिजनेस समिट का आयोजन,15 औद्योगिक कंपनी में सांसद सुभाष बहेडिया की अध्यक्षता में करार

भीलवाड़ा 26 नवंबर। संगम विश्वविद्यालय में ग्रोइंग इंडिया बिजनेस सम्मिट 2.0 का आयोजन किया गया। ग्रोइंग इंडिया बिजनेस समिट एक ऐसा मंच है जो ब्रांड सक्रियण और पुराने नए व्यवसायों के लिए उन्हें प्रदान करने वाले लॉन्चपैड के रूप में कार्य करता है। ग्रोइंग इंडिया बिजनेस समिट 2.0 के समन्वयक आदित्य विक्रम मालीवाल, संगम विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र (राजनीतिक और औद्योगिक विकास सलाहकार) और ऋषिराज पटेल, आईआईएम- अहमदाबाद के पूर्व छात्र (मुख्य कॉर्पोरेट रणनीतिकार और सहाय समूह के संस्थापक) द्वारा किया गया। आदित्य विक्रम मालीवाल तथा ऋतुराज पटेल ने बताया की बिजनेस समिट का मुख्य उद्देश्य नए बाजार तक पहुंच या अपनी बाजार पहुंच को आगे बढ़ाना स्थानीय उद्यमियों को व्यवसाय के नए अवसर प्राप्त कराना, कौशल विकास और रोजगार सृजन के अवसर प्रदान करना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुभाष बहेडिया,सांसद भीलवाड़ा ने संगम विश्वविद्यालय को इस पहल के लिए बधाई दी तथा नये छोटे उद्योग तथा कौशल विकास के द्वारा छात्र छात्राओं के रोजगार के अवसर के बारे में जानकारी दी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर करुणेश सक्सेना ने बताया कि मेवाड़ क्षेत्र के आर्थिक संवर्धन से क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और बड़ी भारतीय अर्थव्यवस्था और संगम ग्रुप स्थानीय व्यापारिक समुदाय और स्थानीय छात्र समुदाय के लिए संगम विश्वविद्यालय प्लेटफार्म देगा। संगम विश्वविद्यालय के पास छात्रों का एक टैलेंट पूल और संकायों का एक शोध और विकास विंग भी है जो इस प्रयास में मदद कर सकता है। कार्यक्रम के अतिथि बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट एवं सीएफओ संगम ग्रुप अनुराग सोनी ने भी विभिन्न कंपनी के प्रतिनिधियों से बात करी तथा बताया की संगम समूह और संस्थानों के दृष्टिकोण के अनुरूप कैसे व्यापार और छात्र समुदाय एक साथ काम कर सकते हैं और कल के लिए एक मजबूत और बेहतर भारत बना सकते हैं! कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सिद्धार्थ मजूमदार मुख्य कंसलटेंट ने अपने विचारों में नए उद्योग,रोजगार तथा औद्योगिक समस्याओं के निराकरण के बारे में बतायाद्यकार्यक्रम के अतिथि महेश हरकत प्रेसिडेंट लघु उद्योग भारती भीलवाड़ा नेवी लघु उद्योग के विस्तारीकरण के बारे में अपने विचार साझा किए अतिथि डॉक्टर आई एम सेठिया फाउंडर चेयरमैन चित्तौड़गढ़ अर्बन कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के संगम विश्वविद्यालय के समन्वयक प्रोफेसर राकेश भंडारी ने पूरी कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करें तथा बाढ़ से पधारे हुए सभी आगंतुकों का स्वागत किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन ट्रेनिंग प्लेसमेंट हेड अनुराग शर्मा ने किया। विश्वविद्यालय के मनोज कुमावत डिप्टी डायरेक्टर सेंटर फॉर एंटरप्रेन्योरशिप एंड स्किल डेवलपमेंट ने 15 विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि का परिचय कराया एवं समझौते के बारे में जानकारी दी। रजिस्टार प्रोफेसर राजीव मेहता ने बताया कि छात्रों और प्रोफेसरों, कार्यशालाओं, प्रशिक्षण और इंटर्नशिप के साथ-साथ अंतिम प्लेसमेंट के अवसरों के साथ अनुसंधान एवं विकास कार्य के लिए यह एक अनोखी पहल है।

# आजादी के अमृत महोत्सव के तहत नेहरू युवा केंद्र अलवर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संविधान दिवस मनाया गया

**मरुधर विशेष चीफ रिपोर्टर युवराज शर्मा**

ब्लॉक कोऑर्डिनेटर हरिओम गुर्जर ने बताया कि हर साल 26 नवम्बर का दिन भारत में संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाता है दरअसल 26 नवंबर 1949 को देश की सविधान सभा ने मौजूदा संविधान को अपनाया था इसलिए इसी दिन की याद में हर साल देश में सविधान दिवस मनाया जाता है इस दिन का मकसद देश के नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ाना है हालाकि भारतीय संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ था जिसका जश्न हम लोग हर साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में भी मानते हैं इस दिन देश में राष्टीय कानून दिवस भी मनाया जाता है सविधान दिवस के अवसर पर स्कुलो व कॉलेज में जहा भाषण निबंध लेखन और क्विज प्रतियोगिता होती है वही सरकारी ऑफिसों मे प्रस्तावनाएं पढ़ी जाती हैं एक राष्ट्र, समाज या समुदाय के जीवन में संविधान का क्या महत्व होता है। यह कैसे इंसान को सभ्य और संगठित तरीके से रहने में मदद करता है। संविधान या लिखित कानून न होने की स्थिति में किन समस्याओं का सामना करना पड़ता। संविधान की गरिमा को कैसे बनाए रखा जा सकता है। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी पंकज यादव लेखाकार तोताराम गुर्जर गुर्जर हॉस्टल वार्डन बाबूलाल पोसवाल जिला स्काउट के अधिकारी एवं अनेक स्काउट गाइड मौजूद थे

ब्लॉक कोऑर्डिनेटर हरिओम गुर्जर ने बताया कि हर साल 26 नवम्बर का दिन भारत में संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाता है दरअसल 26 नवंबर 1949 को देश की सविधान सभा ने मौजूदा संविधान को अपनाया था इसलिए इसी दिन की याद में हर साल देश में सविधान दिवस मनाया जाता है।

# ग्राम बेरका में महिलाओं और बालिकाओं को वन स्टॉप सखी सेंटर के बारे में विस्तार से समझाया

**मरुधर विशेष/ दिनेश लेखी**

कठूमर। महिला अधिकारिता विभाग की शनिवार को ग्राम पंचायत बेरका में महिला अधिकारिता विभाग की ग्राम साथिन रुचि रानी के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया।रूचि रानी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन जागरूकता अभियान में महिलाओं और बालिकाओं को वन स्टॉप सखी सेंटर के बारे में विस्तार से समझाया जिन महिलाओं के साथ घरेलू हिंसा होती है। हम महिलाओं के लिए वन स्टॉप सखी सेंटर खोला गया है। हिंसा के कई रूपों सकते हैं। जैसे अपमानित करना, गाली देना, डराना, किसी भी तरह की जबरदस्ती करना, घर से बाहर निकालने की धमकी देना, बाल खींचना, मारपीट करना, दहेज के लिए परेशान करना, बिना मर्जी नाते भेजना, खर्चा ना देना ,बच्चों को छीनना, बच्चों से मिलने नहीं देना , चरित्र पर सक करना, मानसिक रूप से परेशान करना, लड़कियों के साथ छेड़छाड़ करना, यौन शोषण करना, बलात्कार करना, पत्नी के साथ यौन हिंसा करना आदि सभी आ सकते हैं। केंद्र पर किसी भी उम्र जाति या धर्म की लड़कियां महिलाएं यह केंद्र 24 घंटे तक उपलब्ध रहेगा और इसमें सब गए हैं। पुलिस सहायता कानूनी सहायता अस्थाई आवास परामर्श सुविधाएं के लिए सखी वन स्टॉप सेंटर राजकीय चिकित्सालय के सामने अलवर उपलब्ध है।



# खैरथल में संविधान दिवस समारोह मनाया, बाबा साहेब को किया नमन

**मरुधर विशेष/ विजय सिंह**

खैरथल । जाटव समाज खैरथल द्वारा स्थानीय अंबेडकर चौक खैरथल पर शनिवार को संविधान दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। श्री जाटव समाज खैरथल के अध्यक्ष राजेंद्र रसगोन ने बताया किकार्यक्रम में सर्वप्रथम बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया।बाद में संविधान निर्माण में बाबा साहेब के प्रमुख योगदान पर चर्चा की गई। 26 नवंबर 1949 को भारतीय संसद ने संविधान को अंगीकार किया था।इस मोके पर उपस्थित रहे उनके मास्टर सीताराम,रघुवीर सिंह, रामचन्द्र कामरेड, इंजीनियर रामबाबू जाटव, अशोक रसगोन, इंजीनियर तुलसी राम, पूर्व पार्षद किशनलाल, मनोहर लाल,परतिया राम, ठाकुर दास, कृष्ण कुमार, झम्मन लाल, ताराचंद, हितेश रसगोन, मुकेश, लक्ष्मी नारायण, परतिया राम, मनोहर, शादीलाल ठेकेदार, डॉ लीला राम बाल्याण, आदि गण मान्य लोग शामिल हुए।




# भीम युवा संगठन के तत्वावधान में संविधान दिवस पर निकाली गई विशाल शोभायात्रा व महारैली

**अमेठी मरूधर विशेष संवाददाता शिव कुमार मौर्य**

अमेठी जिले के तहसील तिलोई के सिंह पुर ब्लाक के शिवरतन गंज दशहरा मैदान से संविधान दिवस पर विशाल संविधान शोभायात्रा व महारैली का आयोजन किया गया रैली की शुरूआत भीम युवा संगठन कार्यालय मोहनगंज से प्रारंभ की जिसमें हजारों की संख्या भीम युवा संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने भाग लिया ये रैली सेमरौता चौराहे पर पहुंचते हुए एक विशाल रूप धारण कर लिया।शोभायात्रा सेमरौता चौराहे से अहोरवा भवानी चौराहे से होते हुए इन्हौना चौराहा से हजारी बाग चौराहा हैदरगढ़ चौराह पूरे कुसुम्भी नयन खेरा होते हुए कार्यक्रम स्थल शिवरतन गंज दशहरा मैदान में समाप्त किया गया।जहां पर भीम युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र भीमराज उपाध्यक्ष कौशलेंद्र अंबेडकर सहित सभी पदाधिकारी आयोजक टीम के द्वारा भव्य स्वागत किया गया।



तत्पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र भीमराज ने रायबरेली, प्रताप गढ़, सुल्तानपुर, लखनऊ से आए पदाधिकारी का स्वागत किया गया और भीम युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र भीमराज ने कार्यक्रम में आए सभी पत्रकार बंधुओं का स्वागत किया गया।कार्यक्रम में संविधान की महत्ता एवं अधिकारो के बारे में बताया गया। और गायकों तथा अन्य लोगों के द्वारा संविधान के बारे में लोगों को जागरूक किया गया और शिक्षा पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम में मिशन कोचिंग के संचालक, नीलाम निशंका लोक गायिका के साथ, राहुल आजाद, राहुल खली, रामकुमार पत्रकार, राजेंद्र भारती जिला पंचायत सदस्य,व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जरुरतमंद को बेटी के हाथ पीले करने में रोटी बैंक ने जुटाई आर्थिक मदद

**मरुधर विशेष/ विजय सिंह**



खैरथल । कस्बे के वार्ड नं 27 नारायणी माता के मंदिर के पास रहने वाले दिव्यांग वाल्मीकि परिवार के बेटी के पीले हाथ करने में रोटी बैंक मददगार बन कर सामने आया। बेटी की शादी है जो की 28 नवंबर को होनी है बेटी के पिता शारीरिक रूप से दिव्यांग है और इनकी आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है ऐसी परिस्थितियों में रोटी बैंक खैरथल द्वारा आर्थिक मदद की अपनी परंपरा का निर्वाह करते हुए भामाशाहों के सहयोग से इस परिवार को दो किश्तों में कुल चौदह हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी गई। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष व रोटी बैंक सदस्य विक्रम चौधरी (विक्की) रोटी बैंक संरक्षक रवी दासवानी विक्की कोशलानी व अन्य सदस्य मौजूद रहे।अब भी कोई और मदद आने पर उसे प्रदान किया जाएगा।

## गोपालगढ उपतहसील कार्यालय शुरू नहीं हुआ तो होगा आंदोलन

**मरुधर विशेष आमिर खान कामां**

कामां-कस्बा गोपालगढ़ मे उपतहसील कार्यालय की शुरूआत को लेकर युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्षविपुल शर्मा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने तहसीलदार महेश शर्मा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है ज्ञापन में बताया गया कि सरकार द्वारा गोपालगढ को उपतहसील का दर्जा दिया जा चुका है लेकिन कार्यालय की अभी शुरूआत नहीं हुई है जिससे काश्तकारों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इसलिए जल्दी ही उप तहसील कार्यालय को शुरू करवाया जाए जिससे ग्रामीणों को लाभ मिल सके वहीं गोपालगढ़ जीएसएस फीडर में सांवरेल फीडर को जोड़ा दिया गया है जिससे जिससे कस्बा गोपालगढ़ की विद्युत व्यवस्था प्रभावित हो रही है इसलिए गोपालगढ़ फीडर को सेपरेट करने की भी मांग की गई हैविपुल शर्मा ने बताया की अगर जल्द दोनों मांगो को पूरा नही किया गया तो ग्रामीणों को मजबूरन आंदोलन करना पड़ेगा ज्ञापन देने वालों में गोपालगढ़ भाजपा मंडल अध्यक्ष घसीटा राम सैनी युवा मोर्चा अध्यक्ष विष्णु गुर्जर,फूल सिंह सैनी,वीर सिंह सैनी,अजयवीर गुर्जर आदि मोजूद थे



## विधायक पुत्र अमिताभ बैरवा ने गहलावता गांव की खराब सड़कों का किया मौका मुआयना

**मरुधर विशेष /दिनेश लेखी**



कठूमर। विधायक पुत्र अमिताभ बैरवा ने शनिवार को कठूमर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुटटीन सहाबदास के गांव गहलावता का दौरा कर ग्रामवासियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान ग्रामवासियों ने सड़क, पानी सहित अन्य समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही अमिताभ बैरवा व सरपंच अनोखी मीणा ने गहलावता गांव की खराब सड़कों का मौका मुआयना कर समस्याओं को नजर में लिया। इस दौरान ग्रामवासियों द्वारा विधायक पुत्र अमिताभ बैरवा को माला साफा व सरपंच अनोखी मीणा को शॉल ओढ़ाकर स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि दिनेश मीणा, संतोष कैरव बसेठ, प्रकाश मीणा, शोभाराम जाटव, विजय सिंह, भागचंद जाटव सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## 26 नवंबर को भुला नही जा सकता, हे मेरे वतन के लोगो,जरा याद करो कुबार्नी,,,, 26,11 का दिन

**मरुधर विशेष/ हवासिंह चौधरी**




मुंडावर। मुंबई हमले मे मुल्क की रक्षा करते 22 जवान शहीद हुए थे 26 नवंबर को । सोडावास कस्बे मे उनकी शहादत को नमन किया गया । सोडावास कस्बे के रायल चेम्बर मे 22 जवानो की फोटो पर पुष्प चढ़ा कर उनको भावभीनि श्रद्धांजलि अर्पित की गई । उधर राव वीरेन्द उच्च माध्यमीक विधालय परिसर मे शाला परिवार नेतृत्व दो मिनट का मोन रख श्रद्धांजलि अर्पित की ।इस श्रद्धाजली कार्यकम मे लीलाराम सैन, रिंकू गुप्ता, सुरजभान बोहरा पूर्व सरपंच, ब्रजमोहन शर्मा, सरजीत चौधरी सरपंच सोडावास,बिल्लू दया बोहरा, अनुप छिल्लर, प्रदीप शेरावत, सीताराम लम्बदार, डा, अनिल आदित्य, हवासिंह सैनी मिस्त्री, लालाराम कृष्ण सैन, विजय यादव सोडावास पुलिस चौकी प्रभारी, देवेंद चौहान ठेकेदार, राजू शीला मुंडावरिया, धीरज गुरुजी, अनिल जोशी नोटेरी, विकास हैवल्स सहित अनेको ग्रामीण मौजूद रहे ।

## स्वयं सहायता समुहों का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**मरुधर विशेष/ विजय सिंह**

किशनगढ़ बास। स्पेक्ट्रा संस्था एवं नाबार्ड के संयुक्त तत्वाधान मे स्वंय सहायता समुह की महिलाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर किशनगढ़ बास के बाईपास स्थित एक निजि होटल पर किया गया । कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि नाबार्ड के डी.डी. एम प्रदीप चौधरी विशिष्ट अतिथि पी.सी.सी सदस्य बलराम यादव ,पंचायत प्रसार अधिकारी रमेश वर्मा, कॉपरेटिव बैक व्यवस्थापक नरेश कुमार ,स्पैक्ट्रा संस्था निदेशक प्रदीप पुडींर रहे ।कार्यक्रम में नाबार्ड डी.डी.एम प्रदीप चौधरी ने स्वंय सहायता समुह के उदेश्य को समझाते हुए बताया कि महिलाओं को अपनी छोटी छोटी बचत करके अपने बिजनेस करे तथा बैक द्वारा समुह लौन के माध्यम से आजीविका को बढावा मिल सके, व लाभ के आगामी योजना बनाना के गुर सीखाऐ तथा महिलाओं की आजीविका बढाने हेतु उन्नत कृषि, पशु पालन पर ध्यान केन्दित किया गया। महिलाओ के लिए सरकारी योजना ओ के बारे मे विस्तार से जानकारी दी , स्पैक्ट्रा संस्था निदेशक प्रदीप पुडीर ने महिलाओं को प्रोत्साहित किया सभी अतिथियो ने महिलाओ का मनोबल बढाया और आत्मनिर्भर बनाने के गुर सीखाऐ इस अवसर पर परियोजना समन्वयक सपना चौधरी ,मुकेश सैनी ,ब्लॉक कोडिनेटर गुलाब शर्मा, हुकम चन्द ,रूकसाना सहित 3 दर्जन से भी अधिक महिलाएं उपस्थित रही।



## बानसूर में संविधान दिवस मनाया गया

**मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा**

बानसूर - कस्बे में शनिवार को संविधान दिवस पर पंचायत समिति और उपखंड कार्यालय पर संविधान दिवस पर सभी कार्मिकों ने सामूहिक रूप से भारतीय संविधान की प्रस्तावना पढ़ी। उसके बाद डॉक्टर स्टॉफ ने भीमराव अंबेडकर सर्किल पर बाबा साहेब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर संविधान दिवस मनाया । इस दौरान मेघवाल समाज के लोगों ने संविधान निमार्ता डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। हरसौरा बाईपास चौक पर डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर सैकड़ों की संख्या में मेघवाल समाज के लोगों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और मेरा संविधान, मेरा स्वाभिमान पुस्तक का विमोचन किया । इस दौरान समाज के लोगों को संविधान के नियमों की शपथ दिलाई गई। समाज के लोगों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना पढ़कर सुनाई गई। विकास अधिकारी रामजीलाल मीणा सहित पंचायत समिति कार्मिक, बीएलओ, उपखंड कार्यालय के कार्मिक मौजूद रहे। इस अवसर पर नायब तहसीलदार रामनिवास गोठवाल, प्रदीप घिलोटिया, शीशराम गोठवाल, सुनील रांगेरा , मनोज जुली, राजेश देवशन, संजय डुमोलिया, कैलास मोरोडिया, प्रशान्त सुरेला सहित समाज के जनप्रतिनिधी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



# फरार चल रहे अपराधियो की धर पकड़ : मुंडावर पुलिस ने चौदह साल से फरार चल रहे आरोपी को किया गिरफ्तार

**मरुधर हिन्द/ हवासिंह चौधरी**

मुंडावर। पुलिस अधीक्षक भिवाड़ी शांतनु कुमार सिंह आई पी एस द्वारा चलाए जा रहे मिशन 100 अभियान के तहत जगराम मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सेक्टर नीमराणा महावीर सिंह वृताधिकारी नीमराणा के निकटतम सुपर वीजन में मुंडावर थानाधिकारी संजय शर्मा के नेतृत्व में मिशन 100 के तहत बदमाश, वांछित अपराधियों एवं संदिग्ध वाहनों पर विशेष निगरानी रखने एवं कार्रवाई करते हुए छबीस नवम्बर को पुलिस थाना मुंडावर व डी एस टी टीम 02 भिवाड़ी द्वारा कार्रवाई करते हुए चौदह वर्ष से अंतरार्जीय लूट के मामले में फरार चल रहे दो हजार के इनामी बदमाश को किया गिरफ्तार ।मुंडावर थाना अधिकारी संजय शर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक भिवाड़ी शांतनु कुमार सिंह द्वारा वांछित अपराधियों के



विरुद्ध कार्रवाही के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत छबीस नवम्बर को पुलिस थाना मुंडावर व डी एस टी टीम भिवाड़ी द्वारा एक प्रभावी कार्रवाही करते हुए 14 साल से अंतर्रजीय लूट के प्रकरण में फरार चल रहे दो हजार के इनामी बदमाश विक्रम उर्फ सेठू पुत्र मनोहरलाल जाति गुर्जर उम्र 39वर्ष निवासी नोंरगावास राजपूतान थाना झोझुकला जिला दादरी जो को बहरोड़ थाने के लूट प्रकरण में भी वांछित चल रहा था को मुंडावर थाना अधिकारी संजय शर्मा द्वारा विशेष टीम गठित कर अपराधी को गिरफ्तार किया।

**कार्रवाई करने वाली टीम ।**

1.संजय शर्मा थाना अधिकारी पुलिस थाना मुंडावर।

2. सद्दीक खा एएसआई डी एस टी टीम भिवाड़ी ।

3. हरि विलास ए एस आई डीएसटी टीम भिवाड़ी।

4. राकेश हेड कांस्टेबल डीएसटी टीम भिवाड़ी

5.सत्यपाल हेड कांस्टेबल डीएसटी टीम भिवाड़ी।

6. संजय धनखड़ कांस्टेबल डीएसडीटी भिवाड़ी ।

7.महेश कांस्टेबल डीएसटी टीम भिवाड़ी।

# परशुराम भगवान की रथ यात्रा को लेकर दिए सर्व सनातन समाज को निमंत्रण

### 29 को बड़ोदिया में भव्य शोभायात्रा व दिव्य धर्म सभा

**ब्यूरो चीफ अरूण जोशी की रिपोर्ट**

बांसवाड़ा बड़ोदियाः अरुणाचल प्रदेश के लोहित नदी किनारे स्थापित होने वाली अष्ट धातु की 51 फिट की परशुराम प्रतिमा के आमंत्रण के लिए मदुरै स्थित मीनाक्षी मंदिर से प्रारम्भ होकर पुरे देश में भ्रमण करती हुई विप्र फाउंडेशन की राष्ट्रीय अमृत भारत रथ यात्रा 29 नवम्बर को बड़ोदिया पहुंचेगी। विशाल शोभायात्रा को लेकर बागीदौरा ब्लॉक कार्यकारिणी द्वारा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में विप्र एवं सर्व सनातन समाज को निमंत्रण दिए जा रहे



हैं। विप्र वाहिनी के प्रदेश महामंत्री डॉ. विकास महाराज, विप्र फाउंडेशन जिला महामंत्री विनोद पानेरी, विप्र फाउंडेशन बागीदौरा तहसील अध्यक्ष मुकेश दवे, त्रिमेस पथोक चोखरा अध्यक्ष गोमतीशंकर पण्डया, विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ट बागीदौरा विधानसभा अध्यक्ष महेश पानेरी ने शनिवार को छींच, बाँसला, चोखला में विप्र व सर्व सनातन समाज को निमंत्रण दिया। छींच में आयोजित बैठक में विनोद पानेरी ने बताया कि 29 तारीख को दोपहर एक बजे यात्रा बड़ोदिया पहुंचेगी। यहां युवाओं द्वारा वाहन रैली के साथ अगवानी की जाएगी। डॉ विकास महाराज ने बताया महिलाएं मङ्गल कलश लेकर शोभायात्रा में भाग लेंगी। राष्ट्रीय स्तर की इस यात्रा की कस्बे के प्रमुख मार्गो से शोभायात्रा निकाली जाएगी एवं लक्ष्मीनारायण चोक पर धर्म सभा होगी। छींच में इस मौके पर हरीश उपाध्याय, हरिकृष्ण पण्डया, भूपेन्द्र दवे, प्रदीप शुक्ला, वासुदेव पण्डया, सुरेश पंड्या, बालमुकुंद दवे सहित बड़ी संख्या में विप्रवर उपस्थित रहे। बाँसला में मांगीलाल जोशी, मोहनलाल पण्डया ने स्वागत किया। चोखला में विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ट तहसील अध्यक्ष नरेन्द्र जोशी, उमाकांत जोशी, जगदीश जोशी ने विचार व्यक्त किये। ये जानकारी डॉ विकास भाई भट्ट ने दी।

# जायन्ट्स ग्रुप कामवन का संवाद व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**मरुधर विशेष आमिर खान कामां**

कामां-जायन्ट्स ग्रुप ऑफ कामवन एवं महिला ज्योति कामवन ने संयुक्त रूप से नई सार्थक पहल करते हुए छात्र छात्रा आपसी संवाद एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को अनामिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल कामां में आयोजित कर छात्राओं को मोबाइल के अत्यधिक उपयोग न करने की शपथ दिलाई।

जायन्ट्स ग्रुप कामवन के सचिव हरप्रसाद नाटाणी ने बताया कि कार्यक्रम में छात्राओं को मोबाइल के दुरुपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों से विस्तृत रूप से अवगत कराया गया तो महिला ग्रुप सचिव मनीषा जैन ने कहा कि वर्तमान में मोबाइल आवश्यकता के साथ-साथ लत बन चुका है। जो हमारे मन मस्तिष्क पर दुष्प्रभाव डाल रहा है तो उन्होंने छात्राओं को अपने लक्ष्य निर्धारण कर जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया इस अवसर पर सुधा जैन ने कहा कि किशोरावस्था ही जीवन की दिशा और दशा को बदलने



वाली होती है और यहां फिसलन बहुत है अतः संभलते हुए आगे बढ़ना है। जायन्ट्स ग्रुप के अध्यक्ष उमा शंकर शर्मा ने कहा कि वर्तमान का सबसे बड़ा नशा मोबाइल ही है जिसकी गिरफ्त में सब आते जा रहे हैं।

कार्यक्रम में जायन्ट्स ग्रुप के यूनिट डायरेक्टर संजय जैन बड़जात्या ने मुख्य वक्ता के रूप में कहा कि वर्तमान में परम्परागत खेलो से दूरी मोबाइल जरूरी होता जा रहा है जिससे बच्चे डिप्रेशन, एंजाइटी,अटेचमेंट डिसार्डर,ऑटिज्म,उन्माद,एकाकीपन के शिकार तो हो ही रहे हैं साथ ही अनिद्रा,चिड़ चिड़ापन, गुस्सेबाज,साइटिका एवं आखों के रोग से ग्रसित होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोबाइल का उपयोग करें दुरुपयोग नही। अति सर्वत्र वर्जितय के सिद्धांत का पालन करना भी जरूरी है। इस अवसर पर छात्राओं को समझाते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक हेतसिंह ने कहा कि छात्राओं को आगे बढ़ना चाहिए किन्तु संस्कारो के साथ। अपने अभिभावकों व शिक्षकों का सम्मान भी कायम रखना छात्र छात्राओं की नैतिक जिम्मेदारी है ।इस अवसर पर उपस्थित छात्राओं के समूह को मोबाइल का अत्यधिक उपयोग न करने की शपथ दिलाई गई तो मौके पर प्रश्न मंच का आयोजन किया जिसमें छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं सहित विद्यालय की व्यवस्थापिका पंकज अग्रवाल, राजेश जैन,रीना मेडम, दीपक अरोड़ा,रवि,पवन खंडेलवाल, ईशु अग्रवाल आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# अन्तरजिला लूट की वारदातों के तीन आरोपी गिरफ्तार, तीन वारदातों का खुलासा, तीन दिन के पुलिस रिमांड पर आरोपी, दो मोटर साईकिल जब्त

**मरूधर विशेष/रवि शंकर व्यास**

चित्तौड़गढ़/साडास । पुलिस थाना साडास ने चित्तौड़गढ़ व भीलवाड़ा जिले में लूट की वारदात करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों को बापर्दा रखा गया है। आरोपियों. को न्यायालय में पेश कर 28 नवम्बर तक पुलिस रिमांड पर लिया गया है। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त दो मोटर साईकिल जब्त की गई है। पुलिस अधीक्षक श्री राजन दुष्यन्त ने बताया कि 4 नवम्बर को प्रार्थिया भाणपी थाना साडास निवासी 50 वर्षीय भगवानी बाई पत्नि कालु जी सालवी व उसकी पुत्री व नाती के साथ भाणपी से मण्डफिया जाने वाली सडक पर सगस बावजी के देवरा के पास दो मोटर साइकिल पर सवार चार लोगों ने मारपीट कर प्रार्थी के गले मे पहना सोने का तीन मांदलिया व दो मोती छीन कर ले जाने की घटना पर थाना साडास पर लूट का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई।

मामले में घटना की गम्भीरता के मद्देनजर थानाधिकारी साडास सकाराम उप निरीक्षक व पुलिस जाब्ता द्वारा परम्परागत पुलिसिंग से आरोपियों के बारे मे सुचनाऐ संकलित की गई एवं थानाधिकारी बिजयपुर हमेरलाल उ0नि0 मय टीम को साथ ले बिजयपुर




पहाडी जंगलो में दबिश देकर भागते हुए आरोपियों को बडी मुश्किल से घेरा डालकर घटना में प्रयुक्त वाहन मोटरसाईकिल के साथ गिरफतार किया गया।

थानाधिकारी सकाराम उप निरीक्षक के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा उक्त लुट के आरोपी मोतीमंगरी बिजयपुर निवासी 25 वर्षीय पिलेश उर्फ पिवलिया पुत्र कालु कंजर, दुधीतलाई बिजयपुर निवासी 19 वर्षीय भरत कुमार पुत्र श्यामलाल कंजर व दुधीतलाई बिजयपुर निवासी 22 वर्षीय अरूण कुमार पुत्र जानकीलाल कंजर को गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की। गिरफ्तार आरोपियों को बापर्दा रखा गया है। आरोपियों से गहन अनुसंधान में उन्होंने तीन लुट की घटना का खुलासा किया। गिरफ्तार आरोपियों का न्यायालय से पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया गया। जिनसे अन्य लुट की वारदाते खुलासे की संभावना है।

## दिव्यांग बच्चों ने बनाया जीवन को उद्देश्यपूर्ण - गोस्वामी दंपती

**मरुधर विशेष/ हवासिंह चौधरी**



बहरोड़।दिव्यांग सेवा को समर्पित गोस्वामी दंपती ने अपने विवाह की तेरहवीं वर्षगांठ की खुशियां मंथन स्पेशल स्कूल के दिव्यांग बच्चों के साथ मनाई ।मंथन उपाध्यक्ष कर्मवीर यादव ने बताया कि प्रथम मंथन दिव्यांग सारथी डॉ. पीयूष गोस्वामी एवम् डॉ. सविता गोस्वामी ने अपनी वैवाहिक वर्षगांठ के उपलक्ष्य में संस्था को दिव्यांग सेवार्थ इक्यावन हजार रुपए का चेक दिया। उन्होंने बताया कि दिव्यांग बच्चों की सेवा को ही गोस्वामी दंपती ने अपने जीवन का उद्देश्य बना लिया है।साथ ही उनके द्वारा हर संभव प्रयास किया जाता है बच्चो के जीवन को और बेहतर बनाने का तथा उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का। चाहे वो बच्चो की थैरेपी तथा शिक्षण हेतु निःशुल्क स्थान देना हो, अपनी निःशुल्क सेवाएं देना हो, समय देना हो, इन्हे सहायक उपकरण मुहैया कराना हो, सर्टिफिकेट बनवाना हो या और कोई सहयोग हमेशा आगे रहकर इन्होंने राठ क्षेत्र में एक नया आदर्श स्थापित किया है।उनके इसी सतत प्यार व सहयोग हेतु दिव्यांग बच्चों द्वारा उन्हें धन्यवाद दिया गया तथा ईश्वर से उन्हें और अधिक सामर्थ्य प्रदान करने की मंगल कामना की गई।इस दौरान आकाश कुमार, शालिनी शर्मा, अंकित सेन, रामसिंह मोरोडिया, सरिता यादव, सहित बच्चे व अभिभावक उपस्थित रहे।

## विधवा महिला के साथ दबंगों ने की मारपीट, महिला सहित 4 घायल

**मरुधर विशेष आमिर खान कामां**



कामा क्षेत्र के गांव लाडला का में आपसी कहासुनी को लेकर झगड़ा हो गया जिसमें दबंगों ने विधवा महिला अमीना पत्नी आसीन पर ताबड़तोड़ लाठी-डंडों से हमला कर दिया जिसमें अमीना पत्नी आसीन खालिदा पुत्री आसीन शबनम पुत्री आशीन सोहेल पुत्र आशीन निवासी लाडलाका गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको कामा के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों द्वारा उनका उपचार किया गया।पीड़ित महिला अमीना ने बताया की मैं विधवा महिला हूं मैं घर पर काम कर रही थी तभी गांव के ही रुस्तम, तालीम और अन्य लोगों ने ताबड़तोड़ हमला कर दिया जिसमें में और मेरी दो पुत्री 1 पुत्र घायल हो गए। जिन्हें कामा के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित महिला अपनी पुत्री पुत्र के साथ काम थाने पहुंची और तहरीर दी जिसमें कामा थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## गोठियाना ग्राम स्वास्थ्य केंद्र पर हेल्थ मेले का हुआ आयोजन

**मरुधर विशेष/भूपेन्द्र सिंह पँवार**




अराई,ग्राम पंचायत गोठियाना के ग्राम गोठियाना में आयुष्मान भारत हेल्थ वैलनेस सेंटर कार्यक्रम के अंतर्गत पी एच सी गोठियाना पर हेल्थ मेले का आयोजन किया गया जिसमे डॉ राजेश कुमार हेल्थ मेला प्रभारी द्वारा बताया गया की मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ विनोद सैनी के सानिध्य में इस कैंप का आयोजन किया गया जिसमें 172 लोगो की बीपी शुगर लेप्रोसी ओरल कैंसर आदि की जाचे की गयी। जिनकी साथ ही लोगो की हेल्थ आइडी भी बनायीं गयी। टेलीकॉन्सल्ट के माध्यम से लोगो को फिजीशियन से बात करवाई गयी व ए एन सी सर्विस दी गयी। ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर सुरेंद्र शर्मा ,एल टी कमल किशोर जांगिड़,डॉ कुसुमलता,डॉ शोएब खान,ए एन एम माया कुमारी,गोठियाना सरपंच पुखराज कलवार भी मोजूद रहे व इस हेल्थ मेले के आयोजन से गोठियाना के महिला पुरुष लाभान्वित हुए।

## अलवर जिले के खिलाड़ियों का विकास ही मेरी प्राथमिकता-भडाना

**मरुधर विशेष/ विजय सिंह**

किशनगढ़बास। राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय अलवर के खेल प्रभारी डॉ विक्रम सिंह भड़ाना ने कहा कि अलवर जिले में बेहतरीन खिलाड़ियों की संख्या बहुत है उन्हें उचित अवसर एवं मार्गदर्शन की जरूरत है।उन्होंने कहा कि उनका विकास ही मेरी प्राथमिकता है।वे विश्वविद्यालय के तत्वाधान में पहली बार बालीवाल अंतर्महाविद्यालय( पुरुष वर्ग) के प्रतियोगिता किशनगढ़ पीजी कॉलेज के खेल मैदान देवता रोड बंबोरा किशनगढ़ गर्ल्स कॉलेज में बोल रहे थे। इसमें मत्स्य विश्वविद्यालय के अधीन महाविद्यालय की टीमों ने भाग लिया वॉलीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच किशनगढ़ पीजी कॉलेज और बाबू शोभाराम कला महाविद्यालय अलवर के बीच हुआ जिसमें किशनगढ़ पीजी कॉलेज विजेता रही वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किशनगढ़बास ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन उमेश कांत वशिष्ठ के द्वारा किया गया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के खेल प्रभारी डॉ विक्रम बढ़ाना मौजूद रहे तथा उन्होंने खेल को खेल की भावना से खेलने तथा विश्वविद्यालय में वॉलीबॉल प्रतियोगिता जो महाराष्ट्र के नांदेड़ मैं आयोजित होगी उसके लिए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी इस मौके पर किशनगढ़ पीजी कॉलेज के प्राचार्य राजकुमार, चंद्रभान, ममनून खान, मंगल सिंह, संदीप यादव, शाहरुख खान, सरजीत सिंह छावड़ी श्रीमती राखी जैन संजय गोयल ,ऑब्जर्वर वीर सिंह पूनिया ,संदीप आदि मौजूद रहे।



## संविधान दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

**मरुधर विशेष/भूपेन्द्र सिंह पँवार**

अराई,राजकीय महाविद्यालय अराई में संविधान दिवस के उपलक्ष पर एन.एस.एस. इकाई के तत्वाधान में 'भारत-लोकतंत्र की जननी' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। एन.एस.एस. इकाई अधिकारी हरिराम भारती ने बताया कि सविधान दिवस के इस अवसर पर भारतीय लोकतंत्र की परम्परा एवं सविधान व संविधान के महत्व के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए इस संगोष्ठी का आयोजन किया गया और इन्होने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए सविधान प्रदत नागरिक अधिकारों और राष्ट्रहित में मौलिक कर्तव्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए। सहायक आचार्य अलका शर्मा ने लोकतंत्र में सविधान के महत्व की व्याख्या की अन्त मे प्राचार्य डॉ प्रमोद कुमार सिंह भारतीय लोकतंत्र के आदर्श के रूप में प्रतिष्ठित संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन करवाया साथ ही एछउ के अंतर्गत 17 वर्ष से अधिक आयु के विद्यार्थियों को मतदाता सूची में पंजीकरण करवाने के लिए प्रेरित किया और नेत्रदान एवं रक्तदान के विषय में भी वक्ताओ ने अपने विचार प्रकट किये। कार्यक्रम में धर्मेंद्र डलवाल, कुलदीप सिंह (कनिष्ठ लिपिक) भागचंद गुर्जर सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## सचिन पायलट को खैरथल के कार्यकताओं ने दी शुभकामनाएं

**मरुधर विशेष/विजय सिंह**



खैरथल । जन -जन के लाड़ले सभी के प्रिय नेता पूर्व उपमुख्यमंत्री व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सचिन पायलट को किशनगढ़बास विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओ ने दिल्ली आवास पर मिलकर युवाओं से जुड़े अनेक मुद्दों पर चर्चा की और दीपावली की शुभकामनाएँ दी एवं आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर दयाराम चावडा,उप -प्रधान तिजारा बलजीत दायमा, उप- सभापति भिवाडी विक्रम चौधरी (विक्की)नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका खैरथल कांग्रेस नेता संजय गुर्जर सेवखेड़ा, दीपक यादव, खैरथल रामकरन खटाना, खरोला युवा नेता संतराम पटेल, परमवीर सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हरियाणा रोडवेज व बाईक की आपस में भीषण भिड़ंत

**मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा**



बानसूर उपखंड के थाना हरसोरा के गांव आलनपुर के निकट फौजी होटल के सामने स्टेट हाइवे पर हरियाणा रोडवेज बस और एक बाइक की आपस में भीषण भिड़ंत हो गई। इस टक्कर से बाईक पर सवार तीन लोग पुरुषोत्तम पुत्र गुलजारी, रामबिलास पुत्र सांवत राम व रमेश पुत्र मदनलाल निवासी महणपुर बास घायल हो गए। टक्कर के बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को मदद की तथा पुलिस को सूचना दी। हरसौरा थाना पुलिस द्वारा घायलों को हरसौरा हॉस्पिटल में प्राथमिक उपचार करवाया गया। गंभीर रूप से घायल होने के कारण अलवर के लिए रेफर कर दिया गया।

## डीह रायबरेली पराली जलाने की घटना सेटलाइट से पकड़ी गयी

**मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**



डीह थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कचनावा और ग्राम कौरापुर गौरा में पराली जलाने की घटना सेटलाइट द्वारा पकड़ी गयी जिस पर आज सुबह करीब 11 बजे राजस्व विभाग और कृषि विभाग की टीम ने जाकर दोनो जगह पर निरीक्षण किया जहाँ पर पराली खेत में जला पाया गया जिसके बाद राजस्व विभाग व कृषि विभाग द्वारा मौके पर जाँच कर तहसीलदार सलोन को रिपोर्ट प्रेषित कर दिया गया जिसमे किसानों से जुमार्ना वसूला जायेगा आपको अवगत करा दे प्रशासन द्वारा लगातार पराली जलाने को लेकर रोक लगाया जा रहा है और वही पर 24 घंटे सेटलाइट से प्रशासन नजर बनाये हुए है लेकिन फिर भी किसान आये दिन पराली जला रहे हैं

## कस्बे के अम्बेड़कर पार्क में मनाया संविधान दिवस

**मरुधर विशेष/ दिनेश लेखी**



कठूमर। कस्बे के अंबेडकर पार्क में जाटव समाज अध्यक्ष महेश जाटव की अध्यक्षता में समाज के लोगों के साथ शनिवार 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाया गया।समाज के अध्यक्ष महेश जाटव ने भारतीय संविधान के निर्माण से जुड़ी जानकारी दी एवं इसकी विशेषताओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस दौरान हरि सिंह वकील ने संविधान की प्रस्तावना पढ़ी। उन्होंने संविधान के नियमों , मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों से अवगत करवाया। साथ ही संविधान दिवस मनाने के महत्व पर ध्यान केंद्रित किया। तथा कोचिंग के छात्र छात्राओं ने प्रस्तावना और राष्ट्रीय कानून दिवस के महत्व को दर्शान वाले नारे लगाए। इस अवसर पर जाटव समाज अध्यक्ष महेश जाटव, हरिसिंह वकील, मुंशी करण उर्फ भोबल, मुरारी लाल, केदारनाथ, विपिन, अशोक वर्मा,रानू,सहित सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कठूमर क्षेत्र में यूरिया के लिए दर-दर भटक रहे हैं किसान

**मरुधर विशेष/ दिनेश लेखी**

कठूमर। क्षेत्र की फसल के लिये यूरिया की किल्लत बनी हुई है। यूरिया की क्षेत्र में कालाबाजारी से किसान परेशान है। यूरिया के जबर्दस्त मांग को देखते हुये कठूमर थाने पर पर्ची काटी गई। वही किसानो को यूरिया खाद को सुबह से शांम तक लाईन में लगना पड़ रहा है। वही किसानो का आरोप है। यहां यूरिया की काला बजारी हो रही है। जिससे उन्हे समय से और पर्याप्त खाद नही मिल पा रहा है।प्राप्त जानकारी के अनुसार किसानो के लिये रवि की फसल के लिये इन दिनो यूरिया की जरूरत है। लेकिन क्षेत्र की सहकारी समितियो पर यूरियां नही पहुँच रहा है। जिससे किसानो को यूरिया के लिये कठूमर खेड़ली के बाजारो में भटकना पड़ रहा। बताया जा रहा है कस्बे के थाने पर शुक्रवार और शनिवार को थाने पर यूरिया की पर्ची काटी गई। यहां एक पर्ची पर दो कटटे यूरिया मिल रहा है। कठूमर कस्बे से पांच किमी चल कर किसानो को थाने पर से सांम तक लाईन में खडा हो कर धक्का मुक्की के बीच बेमुश्किल से दो कटटे की पर्ची लेकर वापस कठूमर के बंसल खाद भंडार के गोदाम पर पहुच कर कटटे लेने पड़ रहे है। बताया जा रहा है शुक्रवार को छः सौ कटटे और शनिवार को.....बांटे गये। जो किसान की आवश्यकता के अनुसार ऊंट के मुंह में जीरा सावित हो रहा है। किसानो का आरोप है क्षेत्र में यूरिया की काला बाजारी हो रही है।

## डीह रायबरेली साधन सहकारी समिति मे डीएपी नही उपलब्ध, किसान हो रहे परेसान

**मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**



विकास खंड डीह में किसानों को गेंहू की बुआई के लिए डीएपी खाद नही मिल रही है जिससे गेंहू की बुआई में काफी देरी हो रही है किसान लगातार जगह जगह खाद विक्रय केंद्रो पर भटक रहे हैं लेकिन उन्हे डीएपी नही मिल पा रही है जिससे किसानों में काफी आक्रोश है किसानों का कहना है की वे साधन सहकारी समिति के लगातार चक्कर लगा रहे हैं लेकिन उन्हें डीएपी नही मिल पा रही और परेसान किसान मजबूरी में बिना डीएपी के ही गेंहू की बुआई के लिए मजबूर हैं क्यो की नवंबर माह बीतने को है और खाद नही मिल पा रही है

## केबिनेट मंत्री टीकाराम जूली ने चार दिवसीय मत्स्य उत्सव कार्यक्रम के फ्लोरल शो प्रतियोगिता का किया अवलोकन

**मरुधर विशेष चीफ रिपोर्टर युवराज शर्मा**

अलवर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता व कारागार विभाग मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि अलवर जिला ऐतिहासिक,धार्मिक तथा रमणीय स्थलों के कारण न केवल देश में बल्कि विदेशों में भी अपनी अलग पहचान रखता है। उन्होंने कहा कि यहां कि परम्परा व शैली से अलवर में पर्यटन का विशेष महत्व है। मंत्री जूली शनिवार को चार दिवसीय मत्स्य उत्सव कार्यक्रम की श्रृंखला में कम्पनी बाग में आयोजित फ्लोरल शो प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने विभिन्न प्रकार के रंग-बिरंगे



फूलों एवं पौधों की लगी ऐतिहासिक प्रदर्शनी का अवलोकन कर कहा कि इस बार जिला प्रशासन ने सराहनीय कदम उठाते हुए उपखंड स्तर पर भी उत्सव का आगाज किया है। उन्होंने जिला कलक्टर के इस अभिनव प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस बार मत्स्य उत्सव की आमजन की भागीदारी उत्सव की सफलता की परिचायक है। उन्होंने कहा कि विश्व स्तर पर अपनी छटा के लिए विख्यात अलवर का सरिस्का अभ्यारण्य, भर्तृहरि धाम अजबगड भानगढ़, नीलकण्ठ, सीलिसेढ यहां के पहाड, नदियां व झीले प्रमुख आकर्षण का केन्द्र है। इस अवसर पर प्रधान दौलतराम जाटव, उपप्रधान महेश सैनी, जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र सोनी, एडीएम ओपी सहारण, उपखण्ड अधिकारी सोहनसिंह नरूका, पर्यटन अधिकारी टीना यादव, यूआईटी सचिव जितेन्द्र नरूका, विशेषाधिकारी योगेश डागुर, अति. निदेशक समाज कल्याण रविकान्त, पीआरओ मनोज मेहरा, प्रशिक्षु आईएएस रिया डाबी सहित आमजन उपस्थित रहे।

# भारत जोड़ा यात्रा में देश का बच्चा, युवा, बुजुर्ग, महिला, किसान व्यापारी ही नहीं अपितु विदेश के लोग भी शामिल हो:-टीकाराम जूली

**मरुधर विशेष चीफ रिपोर्टर युवराज शर्मा**

अलवर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता व कारागार विभाग मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की भारत जोडो यात्रा से विपक्ष पूरी तरह डरा हुआ है। यात्रा को मिल रहे लाखों लोगों के समर्थन के बाद अब देश की जनता का मूड बदल रहा है। भारत जोड़ा यात्रा को देश का बच्चा, युवा, बुजुर्ग, महिला, किसान व्यापारी ही नहीं अपितु विदेश के लोग भी इस यात्रा में बड़े उत्साह से शामिल हो रहे है। मंत्री जूली शनिवार को एक निजी होटल में अलवर ग्रामीण विधानसभा के युवाओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक अकेले राहुल गांधी ने अपने दम पर भारतीय जनता पार्टी व उनके नेताओ की नींद उडा कर रख दी है। इस यात्रा में हर रोज नए चेहरे के साथ यह कारवा बढ़ता जा रहा है। यात्रा में फिल्मी सितारे, सामाजिक संगठन भी




शामिल होकर देश की जनता को भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने का संदेश दे रहे है। उन्होंने कहा कि अभिनेत्री पूजा भट्ट, रिया सेन, सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर, पत्रकार गौरी लंकेश की मां इन्द्रा लंकेश तथा अभिनेता अमोल पालेकर जैसी बड़ी हस्तियां इस यात्रा में शिकरत कर रहे है।

बैठक में उपस्थित युवाओं ने हाथ उठाकर मंत्री जूली को आश्वस्त किया कि भारत जोड़ो यात्रा में अलवर ग्रामीण क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग शामिल होगे। इस अवसर पर राजीव गांधी युवा मित्र और वॉलंटियर बड़ी संख्या में बैठक में पहुंचे। उन्होंने वहां उपस्थित लोगों को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

यात्रा से पूर्व बाईक रैली को झण्डी दिखाकर किया रवाना

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली, मेवात विकास बोर्ड अध्यक्ष जुबेर खां एवं युथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष दीनबंधू शर्मा ने हसन खां मेवात नगर स्थित भर्तृहरि पेनोरमा से भारत जोड़ो यात्रा के समर्थन में आयोजित विशाल बाईक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर उमरैण प्रधान दौलतराम जाटव, उपप्रधान महेश सैनी, देवनारायण बोर्ड सदस्य लम्बू बैंसला, पंचायत समिति सदस्य अब्बास अली, कॉर्डिनेटर सैकुल सिंघल, नीरज सैनी, सुभाष बसवाल, अर्जुन मीना, राजेन्द्र खारेडा, दिनेष छाजूरामपुरा, सोनू मीना, पंकज चौधरी, जफरूद्दीन, दिलीप वर्मा, विजय सरदार, पिंकी दादर, नीरज कुमारी, सोनम कुमारी सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

# संविधान की प्रस्तावना, देश की मूल भावना : टीकाराम जूली

**मरुधर विशेष ब्यूरो चीफ रूपेश शर्मा**

अलवर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता व कारागार विभाग मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि संविधान की प्रस्तावना, देश की मूल भावना एवं लिखे गये एक-एक शब्द एक प्रतिज्ञा है। संविधान के माध्यम से ही समाज के गरीब व पिछडे वर्ग को हर क्षेत्र में समानता का अधिकार मिला है। मंत्री जूली शनिवार को नगर विकास न्यास में प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों को संविधान दिवस पर बधाई देते हुए शपथ दिला रहे थे। उन्होंने कहा कि आधुनिक भारत का सपना पूरा करने में संविधान का अहम योगदान है। उन्होंने संविधान के इतिहास एवं प्रदत्त अधिकारों के बारे में बताते हुए कहा कि भारतीय संविधान



की पूरी दुनिया में अपनी अलग पहचान है। इस अवसर पर संविधान प्रस्तावना को पढ़कर संविधान की जानकारी भी दी गई। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी भारतीय के अधिकार का हनन होता है तो आपका संवैधानिक उपचारों का भी अधिकार प्राप्त है। उन्होंने कहा कि भारतीय इतिहास में 26 नवम्बर की ऐतिहासिक तारीख को सन 1949 में भारत की संविधान समिति की तरफ से भारतीय संविधान को स्वीकार किया गया लेकिन 26 जनवरी 1950 को प्रभावी रूप से लागू किया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना के पहले तीन शब्द केवल शब्द नहीं है बल्कि ये एक आह्वाहन एवं विश्वास है। इस अवसर पर प्रधान दौलतराम जाटव,उपखंड अधिकारी सोहनसिंह नरूका, यूआईटी सचिव जितेन्द्र नरूका, यू.आईटी विशेषाधिकारी योगेश डागुर, अतिरिक्त निदेशक समाज कल्याण रविकांत, सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी मनोज मेहरा, तहसीलदार दिनेश यादव सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिला कांग्रेस कमेटी अलवर की ओर से संविधान दिवस के उपलक्ष में कांग्रेस कार्यालय सुभाष चौक पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई

**मरुधर विशेष ब्यूरो चीफ रूपेश शर्मा**

कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहां की 26 नवंबर 1949 को भारत गणराज्य की संविधान सभा में मौजूदा संविधान को विधिवत रूप से अपनाया था इस कारण 26 नवंबर को समस्त देशवासियों द्वारा इसे संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। संविधान की स्थापना का मूल उद्देश्य नागरिकों को उनके मौलिक अधिकार मिले, समाज में अंत्योदय हो, अंतिम पंक्ति में बैठे दलित, गरीब, शोषित और पीड़ित व्यक्ति का उद्धार हो और वह अग्रिम पंक्ति में आये एवं देश में अमन चैन और खुशहाली कायम रहे तथा भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी , पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय,विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा



और अवसर की समता, प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित कराने वाली, बन्धुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित हो। जिलाध्यक्ष श्री योगेश मिश्रा ने सभी कांग्रेस जनों को संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलवाई।

जिलाध्यक्ष श्री योगेश मिश्रा ने कहा की श्री राहुल गांधी जी जिस तरह महंगाई, बेरोजगारी कम करने एवं आपसी भाईचारा कायम करने जैसे ज्वलंत मुद्दों के लिए भारत जोड़ो यात्रा कर रहे हैं, प्रत्येक कांग्रेसजन का नैतिक कर्तव्य है वो भी यात्रा में अपनी सहभागिता निभाएं और अलवर में भारत जोड़ो यात्रा को सफल बनावे।अंत में सभी कांग्रेसजनों ने 26/11 मुंबई आतंकी हमले में शहीदों को मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। गोष्ठी में पूर्व विधायक श्री राजेंद्र गन्डुरा, हीरेंद्र कुमार शर्मा, जोगेंद्र सिंह कोचर, मोहनलाल, रूप नारायण शर्मा, प्रधान जाकिर हुसैन, कविता यादव, फूलचंद शर्मा, गफूर खान, राजेश कृष्ण सिद्ध, रिपु दमन गुप्ता, हिमांशु शर्मा, साजिद खान, राजेश विरमानी, पंकज शर्मा, मोहित जैन, के के खंडेलवाल, नारायण साईवाल, प्रीतम मेहंदीरत्ता, देवेंद्र शर्मा, अनूप खटाना, बबीता दिल्ली वाल, मधु जैन, छंगामल लखेरा, किशोर सैनी, रामगोपाल सोनी, भगवान सैनी, देवेंद्र शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, डालचंद, गुरदयाल सैनी, संजय शुक्ला, जमशेद खान, रुपेश शर्मा, इंद्रेश लोहेरा, राकेश कर्दम, नन्नू मल, संदीप, अतू खान आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वायु प्रदूषण की बढ़ती चुनौती पर्यावरण को खतरा : ज्योति नरेन्द्र शास्त्री

दिल्ली मे वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुँच चुका है , इसकी रोकथाम के लिए अनेक प्रयास हो रहे है , लेकिन कुछ महीने तक स्थिति मे विशेष सुधार की आशा नही है है ,वाहनों के उत्सर्जन, निर्माण कार्यो के चलते रहने तथा पंजाब एवं उसके सीमावर्ती जिलों मे पराली का जलना इनसे आने वाले कुछ महीनो तक दिल्ली की आबो हवा परिवर्तित होकर प्रदूषित रहेगीं दिल्ली के अतिरिक्त भारत के ओर भी शहर है जो प्रदूषित है पर दिल्ली की चर्चा इसलिए होती है क्योंकि दिल्ली का देश की राजधानी रहना भी इसका एक मुख्य कारण है इसके लिए सरकार द्वारा दीर्घकालीन प्रयासों की आवश्यकता है` इसी क्रम मे केंद्र सरकार का राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम बड़ी पहल साबित हो

> दिल्ली मे वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुँच चुका है , इसकी रोकथाम के लिए अनेक प्रयास हो रहे है , लेकिन कुछ महीने तक स्थिति मे विशेष सुधार की आशा नही है है ,वाहनों के उत्सर्जन, निर्माण कार्यो के चलते रहने तथा पंजाब एवं उसके सीमावर्ती जिलों मे पराली का जलना इनसे आने वाले कुछ महीनो तक दिल्ली की आबो हवा परिवर्तित होकर प्रदूषित रहेगीं दिल्ली के अतिरिक्त भारत के ओर भी शहर है जो प्रदूषित है पर दिल्ली की चर्चा इसलिए होती है क्योंकि दिल्ली का देश की राजधानी रहना भी इसका एक मुख्य कारण है।

सकता है इसके तहत 120 से अधिक शहरों मे नियमित रूप से वायु परखी जाति है तथा उनके लिए आवश्यक सुझाव दिये जाते है` पिछले अक्टूबर महीने की आई रिपोर्ट मे 90 शहरों की वायु की गुणवता मे बेहद सुधार हुआ है` इस कार्यक्रम से पहले विश्व के सबसे प्रदूषित शहरों मे भारतीय शहरों की गणना होती थी इस कार्यक्रम से आशाजनक सुधार होने से परिवर्तन की संभावना से उत्साह बढ़ा है यह भी देखा जा रहा है की गंगा सिंधु के किनारे बसे औद्योगिक कारखानो की वजह से वहा प्रदूषण बढ़ा है लेकिन निगाह ओर सतर्कता रखना जरूरी है इस मामले मे छोटी सी भी चुक सभी किये कराये पर पानी फेर सकती है ` प्रदूषण के जिम्मेदार कारको मे वाहनों का धुआँ , सड़क की धूल, कारखानो का धुआँ कारक उत्तरदायी है` इसके लिए राष्ट्रीय योजना साल 2019 मे शुरू की थी जिसमे 2025 26 तक प्रदूषक तत्वों मे 40 प्रतिशत की कमी लाने का लक्ष्य रखा गया है` विश्व वायु गुणवता सूचकांक 2021 मे 117 देशो के प्रदूषण की रिपोर्ट जारी की गई जिसमे भारत का 5 वा स्थान था` ग्रीनपीस इंडिया की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक देश की 40 % जनता प्रदूषित हवा ले रही है` राष्ट्रीय कार्यक्रम को ठीक से लागु करके ओर जनसहभागिता बढ़ाकर हम प्रदूषण का स्तर कम कर सकते है

## सांड को बचाने के चक्कर में हुई दुर्घटना में एक महिला घायल

**मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा**

बानसूर - कस्बे में आवारा सांडो के कारण हर रोज बाइक सवार दुर्घटना के शिकार हो रहे है ।सुबह शाम के समय सड़क पर आवारा सांडों के झुण्ड के झुण्ड आ जाते है और सड़क पर अवरोध उत्पन करते हुए दुर्घनाओं को न्यौता देते है। ताजा मामला कस्बे के स्वास्तया मंदिर के पास का है जहां शनिवार सुबह 9.30 बजें अलवर से कोटपूतली जा रहे बाइक सवार सांड़ को बचाने के चक्कर में दुर्घटना कें शिकार हो गए । प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार प्रातः अलवर निवासी रोहिताश कुमार अपनी पत्नी के साथ बाइक पर सवार होकर शादी समारोह में सम्मिलित होने कोटपूतली जा रहे थे। इसी दौरान स्वास्तया मंन्दिर के पास बाइक के सामने अचानक सांड़ आ जाने के कारण बाइक अनियंत्रित होकर गिरने से हादसे का शिकार हो गए। हादसे में रोहिताश कुमार की पत्नी प्रेम देवी गंभीर रुप से घायल हो गई। हादसे के बाद घटना स्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची। एंबुलेंस की सहायता से घायल महिला को बानसूर उप जिला अस्पताल लाया गया जहां घायल महिला का इलाज जारी है।

## बानसूर के लाल ऋषभ सिंघल ने गोल्ड मेडल जीता

**मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा**

बानसूर - 23 नवम्बर को जयपुर के जेके लक्ष्मीपति यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में बानसूर के लाल ऋषभ सिंघल ने दो गोल्ड मेडल प्राप्त कर बानसूर का नाम रोशन किया है। छात्र को सौरभ श्रीवास्तव और डॉक्टर रघुपति सिंघानिया ने दो गोल्ड मेडल पहनाकर सम्मानित किया है। बानसूर के



किसान कॉलोनी के रहने वाले ऋषभ सिंघल पुत्र मनोज सिंघल को जयपुर में 23 नवंबर को आयोजित जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में कंप्यूटर साइंस और टेक्नोलॉजी में बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड के रूप में दो गोल्ड मेडल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर चांसलर डॉ. रघुपति सिंघानिया और सौरभ श्रीवास्तव ने छात्र को गोल्ड मेडल पहनाकर उज्जवल भविष्य की कामना की है। ऋषभ सिंघल के पिता मनोज सिंघल बानसूर में किराना की दुकान चलाते हैं। पिता ने बेटे को दो गोल्ड मेडल पर मिलने पर खुशी जाहिर की है।

## कठूमर में महिला अधिकारिता विभाग की वन स्टॉप सेंटर सखी की हुई बैठक

**मरुधर विशेष/ दिनेश लेखी**

कठूमर। उपखंड मुख्यालय पर कस्बे में महिला अधिकारिता विभाग की बैठक कठूमर उपसरपंच मेवा देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें वन स्टॉप सेंटर सखी के अंतर्गत सभी प्रकार की हिंसा से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को एक ही स्थान पर अस्थाई आश्रम पुलिस डेस्क विधि



सहायता चिकित्सा एवं काउंसलिंग की सुविधा वन स्टॉप सेंटर तथा उषा किरण केंद्रों में उपलब्ध कराई जाएगी।महिला अधिकारिता विभाग के साथ इन कठूमर ब्लॉक से उषा गुप्ता ने बताया कि वन स्टॉप सेंटर योजना भारत सरकार ने 1 अप्रैल 2015 को हिंसा प्रभावित महिलाओं का समर्थन करने के लिए लागू की थी। यह योजना मूल रूप से सखी के नाम से जानी जाती है। प्रत्येक जिले में एक सखी ऐसी जो व्यवस्थाओं जहां हिंसा से पीड़ित कोई भी महिला मदद ले सकती है। इस मौके पर कठूमर उपसरपंच मेवा देवी, प्रिया, स्नेहलता, रेखा, आशा, श्वेता, बीना, सुदानी जैन ,कंचन, विमलेश, गुलाब, चांदनी, सपना, पिंकी, रिचा, पूनम, वर्षा आदि महिलाएं उपस्थित रहे।

## तिजारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार संविधान की शपथ दिलाई गई

तिजारा राजस्थान राज्य जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर के निदेर्शानुसार ताल्लुक विधिक सेवा समिति तिजारा द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर पैनल एडवोकेट विनोद आर्य, पैरालीगल वालंटियर विकास वर्मा, द्वारा थाना परिसर तिजारा में संविधान की शपथ दिलायी गयी। इस



मौके सभी को बताया कि भारत देश के प्रत्येक नागरिक को संविधान का पालन करना चाहिए, उसके आदर्शो, संस्थाओ, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करना चाहिए। भारत की प्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करे। देश की हर तरह से रक्षा करने के लिए तैयार रहना चाहिए। और आहवान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करने के लिए तत्पर रहना चाहिए।पर सभी को मौलिक कर्त्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही राज. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा ऑन लाइन शपथग्रहण कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर थानाधिकारी राजपाल सिंह , हेड कांस्टेबल रामनिवास , कमल, एचएम विजय चौधरी, पवन कुमार , सुबेसिंह प्रजापत , लालचंद एवं थाने का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## तिजारा संविधान दिवस के उपलक्ष में विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया

आज विधानसभा तिजारा में अम्बेडकर सर्किल तिजारा पर संविधान दिवस के उपलक्ष में बहुजन समाज



पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष सोनूराम मेघवाल तिजारा की अध्यक्षता में विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये इस दौरान मुख्य अतिथि सीताराम गोठवाल जी जिला प्रभारी बसपा अलवर, विशिष्ट अतिथि भीमसेना प्रभारी जयप्रकाश थिरान जी,छात्रसंघ अध्यक्ष अरुण कुमार जी, बसपा तिजारा महासचिव विक्रम सिंह जी, श्यामलाल जी, मुरारीलाल जी, मेघवाल समाज तिजारा शहर के अध्यक्ष सुरेश जी, बालकिशन जी,भीमसेना के महासचिव अशोक जी,किशनलाल जी, ओर कार्यकर्ता मौजूद रहे

## डीह रायबरेली दो बाइक की आमने सामने से हुई टक्कर, 3 लोग हुए गंभीर रूप से घायल

**मरुधर विशेष)संवाददाता शिवकुमार मौर्य**

डीह थाना क्षेत्र के अंतर्गत शनिवार को सरायमानिक के पास पर्सदेपुर मार्ग पर दो बाइक की आमने से टक्कर हो गयी जिसमे 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए एक बाइक से 3 लोग सवार थे तथा दूसरी बाइक से बिन्नावा ग्राम पंचायत में तैनात सफाई



कर्मचारी लालू ड्यूटी पर जा रहे थे तभी सराय मानिक के पास में पर्सदेपुर मार्ग पर दोनो बाइक की टक्कर हो गयी जिसमे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रोखा ले जाया गया लेकिन हालत नाजुक होने पर तीनों घायलों को जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया जहाँ उनका इलाज किया जा रहा है सफाई कर्मचारी लालू बलरामपुर जिले के रहने वाले है जो अपनी ड्यूटी करने के लिए बिन्नावा न्याय पंचायत जा रहे थे जिसके बाद जानकारी मिलने पर एडीओ पंचायत बिन्नावा इलाज कराने पहुँचे लेकिन तीनों घायलों की हालत गंभीर होने के कारण उनको जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया

स्वत्वाधिकारी,प्रकाशक,मुद्रक, सम्पादक आर.बी.नरूका के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित, एवं जीवन सिंह पुरा शामदा अलवर से प्रकाशित। सह-सम्पादक-महावीर सिंह चौहान। मो.99281-68697, 7014373732